Web Portal
www.ghatatighatana.com
G.G. News
सम्पूर्ण छत्तीसगढ़ के लिए एक प्रकाशन...
RNI REG.NO.-CHHHIN/2004/15050
डाक पंजीयन क्रमांक- 013/रायगढ़/2020-2022

# घटती घटना

अम्बिकापुर, वर्ष 19,अंक -37 बुधवार ,07 दिसम्बर 2022, पृष्ठ -8 मूल्य 2 रूपये

**ज्ञान की बातें**

जिसने ज्ञान को आचरण में उतार लिया ,उसने ईश्वर को मूर्तिमान कर लिया।

-विनोबा भावे-

## हैकर्स के निशाने पर आईसीएमआर

### एक दिन में 6000 बार किए गए अटैक



**नई दिल्ली ,06 दिसंबर 2022(ए)।** दिल्ली एम्स के सर्वर पर साइबर अटैक के बाद अब हैकर्स ने आईसीएमआर की वेबसाइट को हैक करने की कोशिश की है, लेकिन हैकर्स की इस कोशिश को नाकाम कर दिया गया है। एक सरकारी अधिकारी ने जानकारी देते हुए बताया कि, हांगकांग के हैकरों ने 30 नवंबर को 24 घंटे के अंतराल में करीब 6000 बार भारतीय चिकित्सा अनुसंधान परिषद की वेबसाइट पर हमला करने की कोशिश की। ये हमले कथित रैंसमवेयर हमले के बाद हुए हैं, जिसने एम्स की ऑनलाइन सेवाओं को पंगु बना दिया था।

### सफल नहीं हुए हैकर्स के मंसूबे

अधिकारियों के मुताबिक, आईसीएमआर वेबसाइट की सामग्री सुरक्षित है। साइट एनआईसी डेटा सेंटर पर होस्ट की गई है, इसलिए फायरवॉल एनआईसी से है जिसे वे नियमित रूप से अपडेट करते हैं। हमले को सफलतापूर्वक रोका गया है। उन्होंने कहा कि, साइबर हमलावरों को ब्लॉक कर दिया गया और वो अपने मंसूबे में सफल नहीं हो सके। अधिकारियों ने बताया कि इसे लेकर अलर्ट कर दिया गया है और सतर्कता बरती जा रही है।

### 2020 से बढ़े साइबर हमले

इस बीच यहां ये भी बता दें कि, लगातार बढ़ रहे साइबर अटैक को देखते हुए सरकारी संगठनों को ऑपरेटिंग सिस्टम के सुरक्षा पैच को अपडेट करने की सलाह दी गई है। अधिकारियों ने कहा कि, स्वास्थ्य संगठनों में रोगी सूचना प्रणाली हैकर्स के लिए शीर्ष संभावित टारगेट में से एक रही है। उन्होंने कहा कि, स्वास्थ्य संगठन की वेबसाइट पर साइबर हमले 2020 से बढ़ रहे हैं।%%

## सांसद चिराग पासवान बोले मुख्यमंत्री से नहीं संभल रहा प्रदेश



**जमुई,,06 दिसंबर 2022(ए)।** लोजपा (रामविलास) के राष्ट्रीय अध्यक्ष सह जमुई सांसद चिराग पासवान ने मंगलवार को शहर के कचहरी चौक स्थित आंबेडकर प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। इस दौरान मीडिया से रूबरू होते हुए सांसद ने बिहार सरकार और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि आजादी के 75 साल बाद भी ऐसी घटनाएं सामने आती हैं, जहां जाति और धर्म के आधार पर भेदभाव किया जाता है। बाबा साहब ने कभी कल्पना नहीं की थी कि अनुसूचित जाति व जनजाति में बंटवारा किया जाए। दलित और महादलित कहा जाएगा।

### बिहार में हो रही टारगेट किलिंग

उन्होंने कहा कि आज की तारीख में टारगेट किलिंग हो रही है। अनुसूचित जाति समाज से आने वाले लोगों, व्यापारी वर्ग एवं गरीब वर्ग से आने वाले लोगों की चुन-चुनकर हत्या की जा रही है। अलवर, भागलपुर और अन्य जिले में हाल के दिनों में आपराधिक घटना का जिक्र करते हुए कहा कि जिस प्रकार से इस प्रकार की घटनाओं के बाद जनसैलाब सड़कों पर है, ये दर्शाता है कि बिहार की जनता मुख्यमंत्री नीतीश कुमार से काफी आक्रोशित है। उन्होंने आरोप लगाया कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार संविधान का पालन नहीं कर रहे हैं। उनसे बिहार अब संभल नहीं रहा। मुख्यमंत्री अब बाबा साहब के विचारों और आदर्शों पर चलने के काबिल नहीं रहे। आज बाबा साहब जहां भी होंगे काफी दुखी होंगे। जिस प्रकार से नीतीश कुमार ने उनके आदर्शों को बिहार में तिलांजलि दी है। उन्होंने कहा कि अगर मुख्यमंत्री ने पासी समाज की ताड़ी बेचने की मांग नहीं मानी तो जनवरी महीने से लोग और बड़े आंदोलन के साथ सड़क पर उतरेंगे।

## संक्षिप्त खबरें

### मंत्री के बेटे की एसयूवी ने पीआरडी जवान को कुचला

**लखनऊ ,06 दिसंबर2022(ए)।** जेल में बंद उत्तर प्रदेश के पूर्व मंत्री गायत्री प्रजापति के बेटे की एसयूवी के चालक को प्रांत रक्षक दल (पीआरडी) के एक जवान को कुचलने के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। अमेठी के इंहौना मोड़ पर पीआरडी जवान श्यामलाल को कुचलने वाली एसयूवी को



चला रहे अवनीश कुमार को अमेठी पुलिस ने सोमवार को गिरफ्तार कर लिया गाड़ी अनुराग प्रजापति की थी, जिनकी मां महाराज प्रजापति अमेठी से सपा विधायक हैं। पुलिस ने बताया कि घटना के समय अनुराग भी एसयूवी में था। अमेठी के पुलिस अधीक्षक एलामारन ने बताया कि अवनीश कुमार सफेद रंग की एसयूवी में तेज गति से जा रहा था और जब वह लखनऊ-वाराणसी राजमार्ग पर इंहौना मोड़ के पास पहुंची, तो बाइक सवार पीआरडी जवान ने उसे रोक लिया। एसपी ने कहा, एसयूवी ने जवान को कुचल दिया और वह भागने की कोशिश कर रहा था, लेकिन स्थानीय लोगों ने वाहन को रोका और पुलिस को सूचित किया।

### शैलजा को मिली छत्तीसगढ़ कांग्रेस प्रभारी की कमान



**नई दिल्ली ,06 दिसंबर 2022(ए)।** कांग्रेस ने कुमारी शैलजा को पार्टी के छत्तीसगढ़ मामलों का प्रभारी नियुक्त किया है, वहीं सुखजिंदर सिंह रंधावा को राजस्थान का प्रभारी बनाया गया है, जबकि शक्ति सिंह गोहिल दिल्ली के साथ हरियाणा का भी जिम्मेदारी संभालेंगे।अखिल भारतीय कांग्रेस समिति के महासचिव के. सी. वेणुगोपाल ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने सुश्री शैलजा , श्री रंधावा और श्री गोहिल की नियुक्तियों की अनुशंसा को मंजूरी दी है। उन्होंने कहा कि पार्टी ने निवर्तमान प्रभारियों अजय माकन (दिल्ली) , पी. एल. पुनिया (छत्तीसगढ़) और विवेक बंसल (राजस्थान) के कार्यों और योगदान की सराहना की है।उन्होंने बताया कि कांग्रेस अध्यक्ष ने गुरदीप सिंह सतपाल को प्रभारी प्रशासन के रूप में पवन कुमार बंसल के साथ संलग्न किया है।

## सीमा विवाद पर भारत-नेपाल के बीच बढ़ा तनाव




**पिथौरागढ़ ,06 दिसंबर2022(ए)।** उत्तराखंड के पिथौरागढ़ जिले के धारचूला इलाके में नेपाल से लगी अंतर्राष्ट्रीय सीमा पर इन दिनों तनाव की स्थिति बनी हुई है। इससे दोनों देशों के लोगों में आक्रोश देखने को मिल रहा है। इसकी शुरुआत नेपाल की तरफ से पत्थरबाजी से हुई और अब सीमा पर तनाव बना हुआ है । दरअसल इन दिनों भारत धारचूला में काली नदी के किनारे सुरक्षा की दृष्टि से तटबंद बना रहा है, जिसका नेपाली नागरिक विरोध कर रहे हैं । उनका मानना है कि तटबंध बनाने से काली नदी के वेग से उन्हें नुकसान हो सकता है । 2013 में आई आपदा के बाद नेपाल ने अपनी तरफ सुरक्षा दीवार बना ली थी, जिसमें भारतीयों द्वारा उन्हें पूरा सहयोग मिला । अब जब भारत अपनी तरफ सुरक्षा दीवार बना रहा है, तो नेपाल के नागरिक भड़क रहे हैं।

काली नदी के किनारे नेपाल की तरफ पड़े मलबे को हटाने के लिए बार-बार आग्रह किया गया, जिसे अब तक नेपाली प्रशासन नहीं हटा पाया है । नेपाली नागरिकों का विरोध अब हिंसक घटनाओं में बदल गया है । यहां काम कर रहे मजदूरों पर नेपालियों द्वारा पथराव किया गया, जिससे मजदूर चोटिल हुए हैं । विरोध यही शांत न होकर सीमा पर बने अंतर्राष्ट्रीय पुल को बंद करने के बाद यह और भड़क गया, जहां कई भारतीय फंस गए हैं । जबकि विरोध को शांत कराने के लिए नेपाल पुलिस द्वारा लाठीचार्ज भी किया गया, जिससे कई भारतीयों को चोट भी आई है।

नेपाल के दार्चुला के सीडीओ दीर्घराज भट्ट ने पत्थरबाजी की घटना को निंदनीय बताते हुए कहा कि इस संबंध में जांच की जाएगी और काली नदी से दोनों देशों को खतरा न हो, इसके लिए बातचीत से इस समस्या का हल निकाला जाएगा । वहीं धारचूला के एसडीएम देवेश शासनी ने कहा कि नेपाल प्रशासन से पहले ही इन मुद्दों पर बात की जा चुकी है और उनकी सारी शंका को दूर किया जा चुका है।

नेपाल में भारतीयों के चोटिल होने के बाद धारचूला के व्यापारी भी भड़क गए और उन्होंने भी अंतर्राष्ट्रीय झूलापुल को 3 घंटों तक बंद कर दिया । प्रशासन के समझाने पर फिर से इस पुल को खोला गया। धारचूला के व्यापारियों ने नेपाल प्रशासन को तीन दिन का अल्टीमेटम दिया गया है । धारचूला व्यापार संघ के अध्यक्ष भूपेंद्र थापा ने कहा कि अगर तीन दिन के भीतर पथराव करने वाले लोगों पर कार्रवाई नहीं हुई, तो वह फिर से उग्र आंदोलन करने के लिए बाध्य रहेंगे ।



## राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने नौसेना के ध्वज के नए डिजाइन को दी मंजूरी

**नई दिल्ली ,06 दिसंबर2022(ए)।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने भारतीय नौसेना के ध्वज के नए डिजाइन को मंजूरी दे दी है। अधिकारियों ने यह जानकारी दी।

इसका अनावरण चार दिसंबर को नौसेना दिवस पर विशाखापट्टनम में किया गया था। रक्षा मंत्रालय के एक बयान में बताया गया कि नौसेना के लिए पूर्ववर्ती डिजाइन दिनांक छह सितंबर, 2017 को पेश की गई थी।

बयान के मुताबिक, औपनिवेशिक अतीत को पीछे छोड़ने के लिए जारी राष्ट्रीय प्रयास के अनुरूप इतिहास से प्रेरणा लेते हुए एक नयी डिजाइन तैयार की गई।

## राहुल गांधी द्वारा सावरकर के खिलाफ टिप्पणी का मामला पहुंचा कोर्ट

**लखनऊ ,06 दिसंबर 2022(ए)।** कांग्रेस को एकजुट करने और केंद्र सरकार की गलत नीतियों के कारण देश में बढ़ रही महंगाई की समस्या को जन-जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी के नेतृत्व में भारत जोड़ों यात्रा राजस्थान पहुंची है। इस बीच राहुल गांधी की मुश्किलें बढ़ सकती है।



दरअसल राहुल गांधी भारत जोड़ो यात्रा के दौरान महाराष्ट्र के आकोला में वीर सावरकर पर की गई टिप्पणी उनके लिए मुश्किल का सबब बन सकती है। इस मामले को लेकर राहुल गांधी के खिलाफ मुकदमा दर्ज करने के लिए कोर्ट में अर्जी दाखिल की गई है। कोर्ट ने अर्जी मिलने के बाद हजरतगंज पुलिस से रिपोर्ट तलब की है। मामले की अगली सुनवाई दो दिन बाद 8 दिसंबर को होगी।

राहुल गांधी के खिलाफ मामला दर्ज करने की अर्जी में आरोप लगाया है कि उन्होंने भारत जोड़ो यात्रा के दौरान महाराष्ट्र के अकोला में सार्वजनिक मंच से वीर सावरकर पर आपत्तिजनक टिप्पणी की। आरोप है कि यह आपत्तिजनक टिप्पणी समाज में द्वेष फैलाने की मंशा से की गई थी । अब एसीजीएम कोर्ट ने हजरतगंज पुलिस से इस पूरे मामले की रिपोर्ट मांगी है। अगर इस मामले में राहुल गांधी के खिलाफ मामला दर्ज होता है तो उनकी परेशानियां बढ़ सकती हैं।

## बाबरी मस्जिद का विध्वंस, अन्याय का प्रतीक :ओवैसी



**हैदराबाद ,06 दिसंबर -2022(ए)।** ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन के प्रमुख एवं हैदराबाद से लोकसभा सांसद असदुद्दीन ओवैसी ने मंगलवार को बाबरी मस्जिद के विध्वंस को 'अन्याय का प्रतीक बताते हुए कहा कि छह दिसंबर भारतीय लोकतंत्र के लिए हमेशा 'काला दिन' रहेगा। ओवैसी ने माइक्रो-ब्लॉगिंग साइट ट्विटर पर कहा,बाबरी मस्जिद' की अपवित्रता और विध्वंस अन्याय का प्रतीक है। एआईएमआईएम के नेता ने कहा कि बाबरी मस्जिद के विनाश के लिए जिम्मेदार लोगों को कभी दोषी नहीं ठहराया गया। उन्होंने कहा,हम इसे नहीं भूलेंगे और सुनिश्चित करेंगे कि आने वाली पीढ़ियां भी इसे याद रखें। इस बीच, शहर में आज बाबरी मस्जिद विध्वंस की 30वीं बरसी मनाई जा रही है और कई शैक्षणिक संस्थानों ने 'काला दिवस' के रूप में अवकाश घोषित किया है। पुलिस ने किसी भी तरह की परेशानी से बचने के लिए पुराने शहर के संवेदनशील इलाकों में सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किए हैं।




## महाराष्ट्र और कर्नाटक में सीमा विवाद गहराया

**बेलगावी ,06 दिसंबर 2022(ए)।** महाराष्ट्र और कर्नाटक में सीमा विवाद बढ़ता जा रहा है। कर्नाटक रक्षण वैदिक संगठन ने आज विरोध प्रदर्शन किया जिस दौरान पुलिस ने प्रदर्शनकारियों पर वॉटर कैनन का इस्तेमाल भी किया। बेलगावी के हिरेबागेवाडी टोलनाके पर कन्नड़ रक्षण वेदिका (कर्वे) संगठन के कार्यकर्ताओं ने महाराष्ट्र के वाहनों जिनमें अधिकतर ट्रक थे, पर जोरदार हमला कर दिया। इस दौरान जमकर पत्थर चले और बसों व ट्रकों के शीशे तोड़े गए। प्रदर्शनकारियों ने नंबर प्लेट उखाड़ फेंकीं और बस और ट्रकों की छतों पर चढ़ कर कन्नड़ रक्षण वेदिका के झंडे लहराए। घटना के बाद संगठन के प्रमुख नारायण गौड़ा समेत कुछ कार्यकर्ताओं को पुलिस ने हिरासत में ले लिया। इन कार्यकर्ताओं में बड़ी तादाद में महिलाएं भी शामिल रहीं। शिंदे सरकार में कैबिनेट मंत्री शंभूराज देसाई ने कर्नाटक सरकार से अपील की कि वाहनों में तोड़फोड़ करने वालों पर सख्त कार्रवाई की जाए। वहीं, महाराष्ट्र के दो मंत्रियों को कर्नाटक के बेलगावी यात्रा को स्थगित करना पड़ा है। ये मंत्री वहां जाकर ग्रामीणों से चर्चा करने वाले थे। कर्नाटक सरकार ने कहा कि उनकी यात्रा से वहां कानून व्यवस्था की समस्या पैदा हो सकती है। महाराष्ट्र के मंत्री चंद्रकांत पाटिल व देसाई आज बेलगावी जाने वाले थे।

## साकेत गोखले गिरफ्तार,मोरबी हादसे पर अफवाह फैलाने का आरोप

**नई दिल्ली ,06 दिसंबर-2022(ए)।** तृणमूल कांग्रेस के राष्ट्रीय प्रवक्ता और ममता बनर्जी के करीबी साकेत गोखले को गुजरात पुलिस ने राजस्थान के जयपुर एयरपोर्ट से गिरफ्तार कर लिया। बता दे की साकेत गोखले ने मोरबी हादसे में प्रधानमंत्री मोदी के बारे में गलत खबर फैलाने का आरोप लगा है। गिरफ्तारी की जानकारी उनकी पार्टी के सहयोगी और राज्यसभा सांसद डेरेक ओ ब्रायन ने दी है। ओ ब्रायन ने ट्वीट करते हुए लिखा कि टीएमसी के राष्ट्रीय प्रवक्ता साकेत गोखले को गुजरात पुलिस ने जयपुर एयरपोर्ट से



गिरफ्तार कर लिया है। सोमवार को साकेत ने नई दिल्ली से जयपुर के लिए रात नौ बजे की फ्लाइट ली थी। जब वह उतरे तो गुजरात पुलिस जयपुर एयरपोर्ट पर उसका इंतजार कर रही थी और उन्हें गिरफ्तार कर लिया।

ओ ब्रायन के अनुसार गिरफ्तारी के बाद गोखले ने मंगलवार की सुबह दो बजे अपनी मां को फोन किया और बताया कि गुजरात पुलिस उसे अहमदाबाद ले जा रही है और वह आज दोपहर तक अहमदाबाद पहुंच जाएंगे। पुलिस ने उन्हें मात्र दो मिनट का फोन कॉल करने दिया और फिर उनका फोन और उसका सारा सामान जब्त कर लिया।

## संसद के शीतकालीन सत्र से पहले सर्वदलीय बैठक आज

### बैठक में पीएम मोदी भी रहेंगे मौजूद



**नई दिल्ली ,06 दिसंबर 2022(ए)।** संसद का शीतकालीन सत्र सुचारु रूप से चले इसके लिए सरकार ने शीतकालीन सत्र से पहले आज सर्वदलीय बैठक बुलाई है ।जिसमें विभिन्न दलों के सदन के नेता हिस्सा लेंगे । सत्र के दौरान विधायी कार्यो एवं इससे जुड़े महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा किये जाने की संभावना है । गौरतलब है कि संसद का शीतकालीन सत्र सात दिसंबर से शुरू होगा और यह 29 दिसंबर को समाप्त होगा । इस सत्र में 17 बैठकें होंगी।

कार्य मंत्रणा समिति की होगी बैठक

सूत्रों ने बताया कि लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला सत्र आज शाम में कार्य मंत्रणा समिति की बैठक करेंगे। इस बार उन्होंने पारंपरिक तौर पर सत्र से पहले आयोजित किये जाने वाले सर्वदलीय बैठक की बजाए कार्य मंत्रणा समिति की बैठक बुलाने का निर्णय किया है। पिछले सप्ताह सरकार ने शीतकालीन सत्र के दौरान पेश किये जाने वाले 16 विधेयकों की सूची जारी की थी।

संसदीय कार्य मंत्री प्रह्लाद जोशी ने इस बैठक के लिये लोकसभा एवं राज्यसभा में विभिन्न दलों के नेताओं को निमंत्रण भेजा था । इस बैठक में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मौजूद रहने की संभावना है । इसमें कहा गया है कि संसद के आसन्न शीतकालीन सत्र में लिये जाने वाले संभावित विधायी कार्यों एवं महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा के लिये लोकसभा एवं राज्यसभा में राजनीतिक दलों के सदन के नेताओं को आमंत्रित कर रहे हैं।

सत्र के दौरान ही आठ दिसंबर को हिमाचल प्रदेश और गुजरात विधानसभा चुनाव के परिणाम भी सामने आएंगे। ऐसे में शीतकालीन सत्र पर इन दोनों राज्यों के चुनाव परिणाम की छाया भी देखने को मिलेगी। सरकार ने संसद के शीतकालीन सत्र के सुचारू रूप से संचालन के लिये सभी दलों के नेताओं का सहयोग मांगा है।

## प्रिंयका करेंगी अब महिला जोड़ो यात्रा

**नई दिल्ली ,06 दिसंबर 2022(ए)।** देश में बढ़ती महंगाई और बेरोजगारी की मुद्दा को हथियार बनाकर 2024 में होने वाले लोकसभा चुनाव लड़ने की तैयारी में जुटी कांग्रेस राहुल गांधी के नेतृत्व में भारत जोड़ो यात्रा निकाली है। कांग्रेस की भारत जोड़ो यात्रा कई राज्यों की यात्रा पूरी कर राजस्थान पहुंच गई है। भारत जोड़ो यात्रा के अब तक ठीक तरह से निकल जाने और उससे कांग्रेसियों में पैदा हो रहे उत्साह को देखते हुए अब कांग्रेस महिला जोड़ो यात्रा निकालने की तैयारी में है। पार्टी सूत्रों का कहना है कि 2024 में होने वाले लोकसभा चुनाव से पहले इसके जरिये महिला मतदाताओं तक पहुंच बनाने की योजना है।

कांग्रेस की इस महिला जोड़ो यात्रा का नेतृत्व कई कांग्रेसी नेता करेंगे लेकिन केंद्र में प्रियंका ही रहेंगी । वह हर राज्य में महिला मोर्चा का नेतृत्व करेंगी और स्थानीय जरूरतों के अनुसार महिला घोषणापत्र भी जारी करेंगी। सूत्रों का कहना है कि पार्टी महिला कांग्रेस और प्रियंका की स्टार छवि पर केंद्रित होकर महिला अध्यक्ष के नहीं होने वाले नुकसान की भरपाई करना चाहती है।



अगर 2019 में हुए चुनाव में महिला मतदाताओं के आंकड़ों पर नजर डालें तो बात साफ हो जाती है कि आखिर महिलाओं तक पहुंच बनाना क्यों जरूरी हो गया है। पिछले चुनाव में महिलाओं की वोटिंग 68 फीसद रही जबकि पुरुषों का आंकड़ा 64 फीसद था । अन्य राज्यों के बीच में उत्तराखंड, गोवा, बिहार और उत्तरप्रदेश में चुनावी नतीजे बताते हैं कि यह महिलाओं के ही वोट थे, जिसने भारतीय जनता पार्टी को एकतरफा जीत दिलाई । यही वजह है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और भाजपा महिला सशक्तिकरण पर इतना जोर दे रहे हैं । कांग्रेस को महिला समर्थक पार्टी होने पर गर्व है । जिसकी अध्यक्षता दो दशक तक एक महिला ने की थी और राज्यसभा में महिला आरक्षण विधेयक को पारित करने पर जोर भी दिया था । लेकिन साफ है कि पार्टी यहीं पर रुकना नहीं चाहती है, इसलिए अब महिलाओं के दिल में जगह बनाने के लिए वह प्रियंका गांधी वाड्रा कार्ड का इस्तेमाल करना चाहती है । उत्तर प्रदेश में इसके इस्तेमाल से थोड़ी सफलता हासिल हुई थी, लेकिन हिमाचल प्रदेश में ज्यादा फायदा होने की उम्मीद है।

भारत जोड़ो यात्रा के गणतंत्र दिवस तक समाप्त होने के साथ ही दो महीने लंबे 'हाथ से हाथ जोड़ो' अभियान की शुरुआत करने की भी कांग्रेस की योजना है । जो 26 जनवरी से शुरू होकर 26 मार्च तक चलेगा । इसके तहत होने वाले कार्यक्रमों के जरिये देश भर के राज्यों, जिलों और ग्राम पंचायत स्तर पर भारत जोड़ो यात्रा के एकता के संदेश को पहुंचाने का काम किया जाएगा । यही नहीं इस दौरान राहुल गांधी का लिखा पत्र भी बांटा जाएगा, जो भारत जोड़ो यात्रा के मकसद को बयान करेगा।

यह संयोग की बात है कि एक तरफ कांग्रेस महिला जोड़ो यात्रा की तैयारी में जुटी है,(

## संपादकीय

# धरातल पर उतरे आंकड़े

प्राइवेट सेक्टर निवेश नहीं बढ़ रहा है और कुल मिला कर पूंजी निर्माण की दर जहां की तहां बनी हुई है, तो यही मानना चाहिए कि भारतीय अर्थव्यवस्था संकट में है। इस सच को इसी रूप में स्वीकार किया जाना चाहिए।

इस वित्त वर्ष की पहली तिमाही के आर्थिक आंकड़े जब जारी हुए और उसमें भारत की वृद्धि दर साढ़े 13 प्रतिशत दिखाई गई, तब भी अनेक जानकारों ने आगाह किया था कि इस पर जश्न मनाने की जरूरत नहीं है। ये आंकड़े पिछले वर्ष यानी 2021 के उन तीन महीनों की तुलना में थे, जब देश ने कोरोना महामारी की भीषण दूसरी लहर झेली थी। अब दूसरी तिमाही के आंकड़े सामने आए हैं, तो कठोर हकीकत सामने है। इस वर्ष जुलाई से सितंबर तक मैनुफैक्चरिंग और खनन में बड़ी गिरावट दर्ज हुई। कृषि क्षेत्र में तकरीबन साढ़े चार प्रतिशत की वृद्धि दिखाई गई है, लेकिन पर कुछ विशेषज्ञों ने तुरंत सवाल उठाए हैं। वजह यह है कि खुद भारत सरकार इस वर्ष कई प्रमुख फसलों का उत्पादन गिरने का अंदाजा जता चुकी है। महंगे चारे और लंपी महामारी के दुष्प्रभाव से पशुपालन क्षेत्र भी मुश्किल में बताया जाता है। लागत की महंगाई ने डेयरी क्षेत्र को परेशान कर रखा है। ऐसे में इतनी स्वस्थ वृद्धि दर कैसे हासिल हुई, इस पर कयास लगाए जा रहे हैं। तो कुल मिला कर भारतीय अर्थव्यवस्था का एकमात्र सहारा सेवा क्षेत्र में है, जिसमें अच्छी वृद्धि दर्ज हुई है। उसने सकल आर्थिक वृद्धि दर को एक हद तक संभाल लिया। लेकिन सेवा क्षेत्र के भरोसे टिके रहना किसी स्वस्थ अर्थव्यवस्था का लक्षण नहीं हो सकता। अगर प्राइवेट सेक्टर निवेश नहीं बढ़ रहा है और कुल मिला कर पूंजी निर्माण की दर जहां की तहां बनी हुई है, तो यही मानना चाहिए कि भारतीय अर्थव्यवस्था संकट में है। इस सच को स्वीकार करने के बजाय इस पर मुख्य अर्थव्यवस्था से बहुत पहले अपना नाता तोड़ चुके शेयर बाजार और वित्तीय क्षेत्र के चमकते आंकड़ों का परदा डालने की कोशिश से कुछ हासिल नहीं होगा। बेशक आज जो हालात हैं, उनके कई पहलू अंतरराष्ट्रीय हैं। लेकिन भारत के साथ विशेष स्थिति यह है कि संकट की शुरुआत वैश्विक मुश्किलों के उभरने से काफी पहले हो चुकी थी। अब ये संकट गहरा चुका है। दुर्भाग्यपूर्ण यह है कि अभी भी सरकार कुछ चमकते आंकड़ों को ढूंढने और उनके आधार पर नैरेटिव बनाने की अपनी शैली से बाहर नहीं निकल रही है।

# कठोर कानून भी नहीं रोक पा रहे बाल विवाह

**बाल विवाह कराने पर दो साल तक का कारावास और एक लाख रुपए तक का जुर्माना हो सकता है। इसके अलावा बाल विवाह में हिस्सा लेने वाले प्रत्येक व्यक्ति को भी दोषी माना जाता है। इसके बावजूद भी बाल विवाह जैसी कुरीति खत्म नहीं हुई है। हैरत की बात यह है कि कठोर कानून होने के बाद भी दोषियों के खिलाफ कार्रवाई होने के मामले कम ही सामने आते हैं।**

देशभर में आज भी बाल विवाह धड़ल्ले से हो रहे हैं। इस मामले में पहले नंबर पर पश्चिम बंगाल है, जबकि कुछ सालों तक पहले नंबर पर रहने वाला राजस्थान अब सातवें नंबर पर है। नेशनल फैमिली हेल्थ सर्वे की 2019-21 के मध्य की एक रिपोर्ट में बच्चों और महिलाओं पर शिक्षा सहित कई बातों का अध्ययन किया गया है। रिपोर्ट के अनुसार, बाल विवाह में सबसे ज्यादा खराब स्थिति पश्चिम बंगाल की है। यहां बाल विवाह की दर 41.6 प्रतिशत है। इसके अलावा बिहार 40.8 प्रतिशत, त्रिपुरा 40.1 प्रतिशत, झारखंड 32.2 प्रतिशत, असम 31.8 प्रतिशत, आंध्रप्रदेश 29.3 प्रतिशत, राजस्थान 25.4 प्रतिशत, तेलंगाना 23.5 प्रतिशत और अरुणाचल प्रदेश 18.9 प्रतिशत है।

गौरतलब है कि इससे पहले साल 2015-16 की रिपोर्ट में राजस्थान में महिला बाल विवाह के कुल मामले 35.4 प्रतिशत थे, जो अब 25.4 प्रतिशत हैं यानी 5 साल में बाल विवाह के मामले 10 प्रतिशत तक कम हुए हैं। इसके पीछे की वजह बाल आयोग की ओर से लगातार चलाए जा रहे जागरुकता अभियान को बताया जा रहा है। रिपोर्ट के अनुसार, राजस्थान में हर चौथी महिला का 18 साल से कम उम्र में विवाह हो जाता है। यूनिसेफ की रिपोर्ट के अनुसार, राजस्थान में 82 प्रतिशत विवाह 18 साल की उम्र से पूर्व ही कर दिए जाते हैं। रिपोर्ट कहती है कि राज्य में 22 फीसदी बच्चियां ऐसी हैं, जो 18 वर्ष की आयु से पहले ही मां बन जाती हैं।

मोटे तौर पर अनुमान है कि राजस्थान में 2019-21 के मध्य 25.4 प्रतिशत महिलाओं का बाल विवाह हुआ यानी विवाह के समय उनकी उम्र 18 साल से कम थी। शहर की तुलना में ग्रामीण क्षेत्रों की स्थिति ज्यादा खराब बताई गई है। शहरी क्षेत्रों में यह 15.1 प्रतिशत और ग्रामीण क्षेत्रों में 28.3 प्रतिशत तक रहा है। चित्तौड़गढ़ में सबसे ज्यादा (42.6 प्रतिशत) महिला



बाल विवाह दर्ज किए गए। भीलवाड़ा (41.8 प्रतिशत) के साथ दूसरे और झालावाड़ (37.8 प्रतिशत) के साथ तीसरे नंबर पर रहा। उदयपुर (18.2 प्रतिशत), पाली (11.8 प्रतिशत), कोटा (13.2 प्रतिशत) और गंगानगर (13.6 प्रतिशत) में स्थिति बेहतर बताई गई है।

राजस्थान में 16 ऐसे जिले हैं, जहां बाल विवाह की संख्या पिछले पांच सालों में बढ़ रही है। इनमें दौसा, जोधपुर, भीलवाड़ा, चूरू, झालावाड़, टोंक, उदयपुर, करौली, अजमेर, बूंदी, चित्तौड़गढ़, नागौर, पाली, सवाई माधोपुर, अलवर और बारां शामिल हैं। यूनिसेफ के अनुसार, बाल विवाह को लेकर राजस्थान, बिहार, मध्य प्रदेश, उत्तर प्रदेश और पश्चिम बंगाल में सबसे खराब स्थिति है। हालांकि बाल विवाह को लेकर सरकारों की ओर से कठोर कानून बनाए गए हैं। बाल विवाह कराने पर दो साल तक का कारावास और एक लाख रुपए तक का जुर्माना हो सकता है। इसके अलावा बाल विवाह में हिस्सा लेने वाले प्रत्येक व्यक्ति को भी दोषी माना जाता है। वहीं राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण का कहना है कि प्रदेश में अब भी बाल विवाह जैसी कुरीति खत्म नहीं हुई है। हैरत की बात यह है कि कठोर कानून होने के बाद भी दोषियों के खिलाफ कार्रवाई होने के मामले कम ही सामने आते हैं।

सामाजिक कार्यकर्ताओं का कहना है कि बाल विवाह के आंकड़ों को लेकर राजस्थान सरकार असल में भ्रम बना रही है। सरकारी आंकड़ों में भले ही 100 में से 25 बालिकाएं 15 साल की उम्र से पहले ब्याही जा रही हैं, लेकिन असल में आंकड़े काफी अधिक हैं। ज्यादातर मामलों की रिपोर्टिंग ही नहीं होती है। सूचना मिलने पर पुलिस और प्रशासन मौके पर पहुंचकर महज समझाइश कराकर मामले से दूरी बना लेते हैं। इसके बाद बाल विवाह संपन्न हो जाता है। अगर हम वास्तव में देश और राजस्थान को बाल विवाह मुक्त बनाना चाहते हैं तो हमें सबसे पहले अपनी मानसिकता बदलनी होगी। साथ ही इस मसले से जुड़े सभी पक्षों को मिलकर काम करना होगा। अभिभावकों को समझाना होगा कि बाल विवाह के केवल दुष्परिणाम ही होते हैं। ऐसा करके ही हम बाल विवाह को समाप्त कर सकते हैं।



**अमित बैजनाथ गर्ग**
पालड़ी मीणा,जयपुर,
राजस्थान

## गुजरात चुनाव में भाजपा का चेहरा नरेन्द्र मोदी

पहली दिसम्बर को गुजरात में पहले चरण का मतदान हुआ। उस दिन देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 70 किलोमीटर का एक रोड शो किया और पांच-छः जगह चुनावी भाषण दिया। उसी दिन उन्होंने कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे के रावण वाले प्रश्न का जवाब दिया। अब यह सभाएं टी.वी. पर लाइव दिखाई जा रही थी तो चुनाव आचार संहिता का क्या मतलब। देश की अन्य संस्थाओं की तरह चुनाव आयोग भी बंद पिंजरे का तोता है या कहें कौवा है। यह सरासर गलत है कि उस दिन किसी भी पार्टी को चुनाव प्रचार की इजाज़त मिले। पर भारत में कथनी और करनी में भेद है। अब पता नहीं भाजपा और कांग्रेस राम और उनकी कथा को कितना समझती है ? भाजपा तो खुश है कि सुप्रीम कोर्ट ने उनके कार्यकाल में राम मन्दिर का फैसला सुनाया जिसे भाजपा अपनी जीत बताकर कहती है कि वह राम मन्दिर बनायेगी ? अब उन्हें कौन समझाये कि राम तो सर्वव्यापी, सर्वत्र और सभी जगह हैं। इण्डोनेशिया जैसे मुस्लिम देश में भी पूज्य हैं। भारत के सिख, जैन, बौद्ध, पारसी और मुसलमान लड़के-लड़कियां राम कथा से परिचित हैं। उन्हें एक छोटे से जनपद अयोध्या का नरेश बतलाकर क्यों कर छोटा किया जा रहा है ? राम सर्वकालिक सर्वत्र और सर्वस्व हैं। वे देश काल की सीमा से बंधे नहीं हैं। वे इण्डोनेशिया के मुस्लिम बहुल इलाकों में भी हैं जहां रामलीला खेली जाती है।

पता नहीं कैसे खड़के साहब ने रावण के एक सौ सिर बता दिये और पता नहीं कैसे मोदी जी अपने को राम भक्त कह कर जवाब देते हैं ?




तुलसीदास की रामचरित मानस में बतलाया गया है कि राम-रावण युद्ध तो मात्र माया का खेल था। रामचरित मानस के आरण्य काण्ड में उल्लेख है कि जब शूर्पणखा रो-रोकर दशग्रीव को अपनी दशा बतला रही थी तो रावण ने सीता को हरने का नाटक रचा। रावण कहता है कि अब पृथ्वी में भगवान ने अवतार ले लिया है। मैं तो जाकर हठ पूर्वक उनसे बैर करूंगा ताकि उनके हाथों मारा जाकर प्रभु के वाण से भवसागर तर जाऊं।

लक्ष्मण को कंदमूल लेने जाने पर राम सीता से कहते हैं कि मैं अब कुछ लीला करने वाला हूं। तुम अग्नि में निवास करो। रावण में नकली सीता का हरण किया था और उन्हें अपने महल में न रखकर एक सुरक्षित कुटिया में रखा। राम के समझाने पर सीता प्रभु के चरणों को अपने हृदय में रखकर अग्नि में समा गई। अतः रावण ने जब सीता को हरा था वह तो छाया मात्र थी। ऐसी छाया को भी रावण ने प्रणाम किया था। अरण्य काण्ड में 27/8 में वर्णन है कि रावण ने सीता जी के चरणों की वंदना में सुख माना।

राम अपरिमित बल वाले, अनादि, अजन्मा, निराकार, अगोचर, इन्द्रियतीत, विज्ञान की घनमूर्ति और पृथ्वी पर अवतार हैं। एक पौराणिक प्रसंग में विश्वामित्र हनुमान से कहते हैं कि रावण ने नाटक रचा था, मुक्ति पाने के लिए। वह तो शिव जी का परम भक्त था और शिव जी ने उसे बहुत से वरदान दिए थे।

इस कथा में साधारण मनुष्य के लिए भी संदेश है कि विपत्ति काल में विद्वानों की बुद्धि भी भ्रमित हो जाती है। रामकथा को न तो खड़के साहब समझ पाये और माफ करें न ही हमारे अपने श्रद्धेय और प्रिय नरेन्द्र भाई जी। वैसे भी हमारे प्रधानमंत्री को अब देश के साथ-साथ विदेशों में भी बड़ी जिम्मेदारी है और 1 दिसम्बर 2022 से जी -20 के अध्यक्ष हैं। विश्व मंच पर मोदी जी की प्रसिद्धि है।

**-अजय दीक्षित-**

## फिर काहे की सरकार



**नितेश कुमार दिवाकर**
बैकुंठपुर छत्तीसगढ़

हाथ जोड़ करे विनती,
हर मानुष से करे गुहार /
सत्ता पाते ही भूल जाते,
फिर काहे की सरकार //
भला करने करते विचार
फिर काहे की सरकार
गांव गांव लगाये चौपाल,
गरीबों को करता हलाल /
खुद दूध मलाई में मुँह धोए,
गरीबों को रोटी का मलाल //
देश विदेश करता विहार,
फिर काहे की सरकार //
फ्री पानी देंगे बिजली देंगे,
और देंगे फ्री पक्का मकान /
वादे करते हैं झूठे सबसे,
पीठ पीछे वार करते बेईमान //
गरीबों को समझते हैं लाचार
फिर काहे की सरकार //
कहते है पक्का रोड बनाएंगे,
मिलावट कर आधा खा जायेंगे /
जनहित की योजनाओं का लाभ,
अपने परिवार में ही बटवाएंगे //
कराते जनता की आपस में तकरार,
फिर काहे की सरकार //
रोटी,कपड़ा,मकान हो गये महंगे,
ये जुल्मो सितम कब तक सहेंगे /
तेल की कीमत चुकायें हम कैसे,
गरीबों के घर दिवाली के दीप कब जलेंगे
कैसे झेले हम महंगाई की मार
फिर काहे की सरकार //
तकिया,गद्दे,बिस्तर महंगे हो गये,
और खूब महंगी हो गई रजाई /
कितना कमाकर लाये हो,
घर में पूछती है मुझसे लुगाई //
बंद करो जनता पे अत्याचार,
फिर काहे की सरकार //

## समर शंख फूंक दो



**अशोक कुमार यादव**
मुंगेली, छत्तीसगढ़

जंग जीत के लिए
समर शंख फूंक दो।
महाज्ञान युद्ध के लिए
बिगुल बजा दो।।
कलम हथियार लेकर उतरो मैदान में।
सवाल सैनिकों को
भेजो शमशान में।।
प्रतिभावान अंतिम सांस
तक लड़ते रहो।
आखिर में मेरी ही
होगी जय कहते रहो।।
प्रतिरूप बनाकर घेर लो
सर्व रणक्षेत्र को।
फैलाओ चहुंओर
अपने दिव्य त्रिनेत्र को।।
हुंकार रहे हैं दैत्य
विशाल काय शरीर वाले।
चुनौतियां दे रहे हैं
बार-बार बली मतवाले।।
धारण कर बुद्धि में
धारदार अस्त्र-शास्त्र।
परीक्षा कुरुक्षेत्र में
छोड़ दे ज्ञान ब्रह्मास्त्र।।
गुरु से जो सीखा
तूने किया था अभ्यास।
कौशलों से परिपूर्ण
स्वयं पर रख विश्वास।।
एक प्रहर में हो जाए
प्रतिद्वंदी का पराजय।
साम,दाम,दण्ड और भेद से होगी विजय।।
अंतिम तेरा लक्ष्य है
स्वर्ण मंजिल को पाना।
सफलता सीढ़ी की
अंतिम पायदान सुहाना।।
सिर्फ दिखाई देगा
तुम्हारे कदमों के निशान।
चलेंगे तुम्हारे नक्शे
कदम पर सारा जहान।।

# विकास पथ पर और जेलें बनाने की आवश्यकता क्यों?

- **देश की जेलों में कैदियों की संख्या में लगभग 9 प्रतिशत की गिरावट दर्ज,दूसरी ओर अंडर ट्रायल कैदियों की संख्या में 45 प्रतिशत की वृद्धि क्यों?**
- **कुछ चीजें कहने की नहीं, समझने की होती है, जो नही कहा उसे भी समझ जाओः द्रौपदी मुर्मू।**
- **विधायिका, कार्यपालिका व न्यायपालिका तीनों को कटघरे में खड़ा किया महामहिम राष्ट्रपति ने।**
- **सक्षम वर्ग धनबल के जरिए वाजिब और गैर वाजिब तरीकों से न्याय प्राप्त कर लेता है, वंचित वर्ग का पूरा जीवन जेलों में सड़ने के लिए बाध्य है।**
- **पहली बार किसी राष्ट्राध्यक्ष ने इतने गंभीर मुद्दे को सहज तरीके से उठाया।**

देश के मुख्य न्यायाधीश और विधि मंत्री के समक्ष उद्बोधन में कम शब्दों में बड़ी बात कही गई, मुद्दा जितना गंभीर उतना ही मार्मिक भी।

सजायाफ्ता कैदियों की संख्या में तो आई गिरावट, परंतु अंडर ट्रायल कैदियों की संख्या में बेतहाशा वृद्धि सोचनीय।

पहली बार किसी संविधानिक पद पर आसीन व्यक्ति ने ऐसी महत्वपूर्ण बात कहने का साहस किया है, ÷जो नही कहा उसे भी समझ जाओ÷।

देश में संभवत पहली बार किसी ने इतने गंभीर मुद्दे को बहुत ही सहज और सरल तरीके से सामने रखा, मंच भी ऐसा जहां देश के सुप्रीम कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश के अलावा देश के विधि मंत्री और सम्माननीय न्यायाधीशों का सम्मेलन था। मुद्दा इतना गंभीर होने के बाद भी आज तक किसी के जेहन में यह विकराल समस्या सामने नहीं दिखी। आमतौर पर आम जनमानस और बुद्धिजीवियों का भी ध्यान इस ओर आकृष्ट नहीं हुआ, परंतु जैसे ही देश की महामहिम राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मू ने इस मुद्दे पर बोलना प्रारंभ किया सभी की आंखें खुली रह गई। उन्होंने कहा की 2019 की राष्ट्रीय सर्वेक्षण के अनुसार जहां एक और देश की जेलों में कैदियों की संख्या में लगभग 9 प्रतिशत की गिरावट दर्ज हुई, वहीं दूसरी ओर अंडर ट्रायल कैदियों की संख्या में 45 प्रतिशत की भारी वृद्धि हुई है। इस विकराल समस्या की ओर उंगली उठाते हुए महामहिम



राष्ट्रपति ने कहीं ना कहीं न्यायपालिका को आईना दिखाने का काम किया।

अपने उद्बोधन में उन्होंने कहा कि जेलों में बंद अधिकांश अंडर ट्रायल के वे कैदी जो वंचित, दलित और शोषित वर्ग से आते हैं सामान्यतः गरीब हैं। जो न्याय प्रणाली में विहित महंगी विभीषिका के शिकार हैं। उन्होंने अपने उद्बोधन में जिक्र किया कि गांव के लोग शिक्षक, चिकित्सक और वकीलों को अपना भगवान मानते हैं और चिकित्सक तथा वकीलों के पास लोग परेशानी में ही जाते हैं, ताकि उन्हें परेशानियों से निजात मिल सके। परंतु वर्तमान परिदृश्य में महंगी चिकित्सा के साथ-साथ कानून के पैरोकार की महंगाई, वंचित वर्ग के लिए भीषण विभीषिका का कार्य कर रही है। सक्षम वर्ग जहां धनबल के जरिए वाजिब और गैर वाजिब तरीकों से न्याय प्राप्त कर लेता है, वहीं वंचित वर्ग का पूरा जीवन जेलों में सड़ने के लिए बाध्य है। अधिकांश लोग महंगी व्यवस्था से परेशान होकर अपना बचत, धनसंपदा इस ओर गवाना नहीं चाहते और व्यक्ति छोटे-छोटे मामलों में भी जीवन भर जेल में रह जाता है।

जो मैं कह रही हूं उस के अलावा जो नहीं कह रही हूं उस बात को समझने की कोशिश कीजिए- अपने संक्षिप्त और मार्मिक शब्दों में महामहिम ने जो संदेश दिया वह विलक्षण था और साथ ही देश की विधायिका, कार्यपालिका और न्यायपालिका के लिए कटाक्ष भी। उन्होंने कहा कि जो मैं कह रही हूं उस के अलावा जो नहीं कह रही हूं उस बात को समझने की कोशिश कीजिए। अंडर ट्रायल कैदियों की बढ़ती संख्या पर उन्होंने न्यायपालिका को कटघरे में खड़ा करते हुए संकेत किया कि ग्रामीण क्षेत्रों में छोटे-छोटे मामले जो न्याय प्रणाली के दर पर पहुंचते-पहुंचते ऐसी धाराओं से घिर जाते हैं कि व्यक्ति का निकलना असंभव हो जाता है। लोग अपने परिजनों को न्याय दिलाने के लिए दरबदर भटक कर प्रयास करते हैं, परंतु अपनी पूरी जमा पूंजी धन संपदा को इसके लिए गंवाना उचित नहीं समझते और व्यक्ति बगैर किसी महती दोष के जीवन भर जेलों में रहने को मजबूर हो जाता है।

न्याय प्रणाली पर यदि सुधार हो तो जेल तथा कैदियों की संख्या में उत्तरोत्तर कमी लाई जा सकती है- संकेतों में उन्होंने विकास के पटरी पर दौड़ते देश और जेलों की व्यवस्था पर इशारा भी किया कि यदि न्याय समयानुसार प्राप्त हो जाए तो विकास के इस दौर में नए जेलों को बनाने की आवश्यकता ही क्यों पड़े? अपितु इसके उलट न्याय प्रणाली पर यदि सुधार हो तो जेल तथा कैदियों की संख्या में उत्तरोत्तर कमी लाई जा सकती है और बात सत्य भी है कि पूरे भारतवर्ष में जहां एक और जेलों को सुधारगगृह के नाम से जाना जाता है। यदि इनकी कार्यप्रणाली सही हो और लोग सुधरते चले जाएं तो नए जैलों की आवश्यकता क्यों?

जमानत योग्य होने पर भी आर्थिक कारणों से जमानत प्राप्त नहीं कर पाते- जिस प्रकार वर्तमान परिस्थिति में अंडर ट्रायल कैदियों की संख्या में बेतहाशा वृद्धि हुई है, इनमें से ज्यादातर वंचित और शोषित वर्ग के लोग हैं, जो जमानत योग्य होने पर भी आर्थिक कारणों से जमानत प्राप्त नहीं कर पाते और बगैर किसी वाजिब कारण के सालों अपना जीवन जेल में बिताते हैं। उन्होंने कहा कि जेलों में निरुद्ध कैदियों की अधिकांश संख्या आदिवासियों, दलितों और वंचित वर्ग की है, तो इसका तात्पर्य यह नहीं कि यह आदतन अपराधी होते हैं। बल्कि इनके पीछे बहुत ऐसे कारण हैं जिनका निवारण कार्यपालिका, विधायिका और न्यायपालिका मिलकर कर सकती है। उन्होंने अपील की कि समय है मिलकर कार्य करने का, जिससे नए भारत का निर्माण किया जा सके।



**अजय सिंह**
बैकुंठपुर
कोरिया(छत्तीसगढ़)

## माँ बाप के कहना मान लव



**प्रमेशदीप मानिकपुरी**
धमतरी
छत्तीसगढ़

मया पीरित बर उमर परे हे
जिनगी के रद्दा गढ़ेहे के हे
जिनगी के रद्दा ल जान लव
बाप के कहना तुम मान लव
पढ़ लिख के तुम सुजान बनव
नवा बच्छर मे तुम धियान धरव
पढ़ लिखके मान,सम्मान लव
बाप के कहना तुम मान लव
ये बेरा ल येती ओती म गवाबो
बेरा बिते रहि-रहि के पछताबो
सुम्मत के बात गांठ बांध लव
बाप के कहना तुम मान लव
जनम देके हमर नाम जगाइस
दुनिया के हमला दरस कराइस
माँ बाप के महिमा ल जान लव
माँ बाप के कहना तुम मान लव
जग के ऊंच-नीच के भेद बताथे
जग म कइसे जीना हे सीखलाथे
मया पीरित उकर पहिचान लव
माँ बाप के कहना तुम मान लव

# क्या फूड फोर्टिफिकेशन,पोषण की कमी का नया रामबाण इलाज है?

फूड फोर्टिफिकेशन से तात्पर्य खाद्य पदार्थों में एक या अधिक सूक्ष्म पोषक तत्वों की जानबूझकर की जाने वाली वृद्धि से है जिससे इन पोषक तत्वों की न्यूनता में सुधार या निवारण किया जा सके तथा स्वास्थ्य लाभ प्रदान किया जा सके.पर इसके माध्यम से केवल एक सूक्ष्म पोषक तत्त्व के संकेन्द्रण में वृद्धि हो सकती है (उदाहरण के लिए नमक का आयोडीकरण) अथवा खाद्य-सूक्ष्म पोषक तत्वों के संयोजन की एक पूरी शृंखला हो सकती है. यह कुपोषण की समस्या का समाधान करने के लिए संतुलित और विविधतापूर्ण आहार का प्रतिस्थापन नहीं है.

ग्लोबल हंगर इंडेक्स 2021 में भारत 116 देशों में से 101वें स्थान पर है, जिसमें 15.3त्न कुपोषित आबादी, स्टंटेड बच्चों (30त्न), और वेस्टेड बच्चों (17.3त्न) का उच्चतम अनुपात है। चावल, दूध और नमक जैसे प्रमुख खाद्य पदार्थों में आयरन, आयोडीन, जिंक, विटामिन ए और डी जैसे प्रमुख विटामिन और खनिजों को शामिल करना फोर्टिफिकेशन है, ताकि उनकी पोषण सामग्री में सुधार हो सके। कुछ पोषक तत्वों से भरपूर खाद्य पदार्थ महंगे हो सकते हैं। उदा. मछली ओमेगा-3 फैटी एसिड का एक बड़ा स्रोत है, लेकिन नियमित रूप से खरीदना बहुत महंगा हो सकता है। अंडे, दूध और अन्य उत्पादों को ओमेगा-3 फैटी एसिड से फोर्टिफाइड किया जा सकता है। इन उत्पादों की कीमत अक्सर कम होती है और फिर भी इनका समान पोषण मूल्य होता है।

जैसा कि राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वेक्षण-5 के आंकड़ों में है, हर दूसरी भारतीय महिला एनीमिक है, हर तीसरा बच्चा नाटा और कुपोषित है, और हर पांचवां बच्चा कमजोर है। फोलिक एसिड कई गढ़वाली उत्पादों में जोड़ा जाता है। गर्भावस्था के दौरान यह जन्म दोषों के जोखिम को कम करता है। यह भोजन की विशेषताओं जैसे स्वाद, सुगंध या भोजन की बनावट को नहीं बदलता है। इसे जल्दी से लागू किया जा सकता है और साथ ही अपेक्षाकृत कम समय में स्वास्थ्य में सुधार के परिणाम भी दिखा सकते हैं। चूँकि पोषक तत्वों को व्यापक रूप से खाए जाने वाले मुख्य खाद्य पदार्थों में जोड़ा जाता है, इसलिए फोर्टिफिकेशन आबादी के एक बड़े हिस्से के स्वास्थ्य में सुधार करने का एक शानदार तरीका है, जो आर्थिक रूप से वंचित लोगों के लिए सुरक्षित और पौष्टिक




भोजन तक पहुंच नहीं है।

यह लोगों को पोषक तत्व पहुंचाने का एक सामाजिक-सांस्कृतिक रूप से स्वीकार्य तरीका है क्योंकि इसमें खाने की आदतों या व्यवहार में किसी बदलाव की आवश्यकता नहीं होती है। पोषण के दिग्गजों के अनुसार, फूड फोर्टिफिकेशन, कई सूक्ष्म पोषक तत्वों की कमी को दूर करने के लिए एक लागत प्रभावी पूरक रणनीति है। सावधानियों के साथ किया गया हस्तक्षेप, कुपोषण के मुद्दे की कुंजी है जिससे देश लगातार जूझ रहा है।

सूक्ष्म पोषक तत्वों की कमी का नियंत्रण भूख और कुपोषण से लड़ने के समग्र प्रयास का एक जरूरी हिस्सा है. भारत एनीमिया और सूक्ष्म पोषक तत्वों की कमी को दूर करने के लिए कई तरह की रणनीतियों को लागू कर रहा है जिसमें आयरन-फोलिक एसिड पूरकता, विटामिन ए पूरकता, डायटरी डायवर्सिटी को प्रोत्साहित करने के लिए न्यूट्रिशनल हेल्थ एजुकेशन और अन्य शामिल हैं. हालांकि, एनीमिया का लेवल उच्च बना हुआ है. इसलिए, वर्ल्ड फूड प्रोग्राम के कंट्री डायरेक्टर बिशो परजुली ने बताया कि इसके लिए फूड फोर्टिफिकेशन जैसी रणनीतियों की शुरूआत की जरूरत है जो दुनिया के अन्य हिस्सों में साक्ष्य आधारित, आजमाई और परखी गई हैं.

फोर्टिफाइड फूड्स कई कमियों के जोखिम को कम करने में भी बेहतर होते हैं जो फूड सप्लाई में मौसमी कमी या खराब गुणवत्ता वाली डाइट के परिणामस्वरूप हो सकते हैं. ये बच्चों की वृद्धि और विकास के लिए के साथ फर्टिलाइज उम्र की महिलाओं के लिए भी जरूरी होते हैं, जिनकी पर्याप्त पोषक तत्वों के साथ गर्भावस्था और स्तनपान के दौरान जरूरत होती है. फोर्टीफिकेशन स्तन के दूध में विटामिन की मात्रा बढ़ाने और इस प्रकार प्रसवोत्तर महिलाओं और शिशुओं में सप्लीमेंटेशन की जरूरत को कम करने का एक बेहतरीन तरीका हो सकता है. इसका उद्देश्य आपूर्ति किए जाने वाले खाद्यान्न की पोषण गुणवत्ता में सुधार करना तथा न्यूनतम जोखिम के साथ उपभोक्ताओं को स्वास्थ्य लाभ प्रदान करना है। यह आहार में सुधार और सूक्ष्म पोषक तत्वों की कमी का निवारण करने हेतु एक सिद्ध, सुरक्षित और लागत प्रभावी रणनीति है। क्या फूड फोर्टिफिकेशन, पोषण की कमी का नया रामबाण इलाज है ? यह पोषण सुरक्षा के लिए कोई चमत्कारिक उपाय नहीं हैं। लेकिन कुछ लोग अनुभव के आधार पर एनीमिया और पोषण संबंधी समस्याओं से निपटने के लिए फोर्टिफिकेशन को एक चमत्कार के रूप में पेश करते रहे हैं। दरअसल यह एक क्लिनिकल दृष्टिकोण है। इसे बड़े पैमाने पर लागू नहीं किया जा सकता और न ही किया जाना चाहिए।



**डॉ.सत्यवान सौरभ,**
बड़वा (सिवानी)
भिवानी,हरियाणा

**समाचार पत्र में छपे समाचार एवं लेखों पर सम्पादक की सहमति आवश्यक नहीं है। हमारा ध्येय तथ्यों के आधार पर सटिक खबरें प्रकाशित करना है न कि किसी की भावनाओं को ठेस पहुंचाना। सभी विवादों का निपटारा अम्बिकापुर न्यायालय के अधीन होगा।**

# एसबीआई एटीएम की टेंपरिंग कर धोखाधड़ी करने वाले अंतर्राजीय गिरोह के तीन सदस्य गिरफ्तार

- संवाददाता -
अंबिकापुर, 06 दिसम्बर 2022 (घटती-घटना)।

एटीएम की शटर टेम्परिंग कर धोखधड़ी करने वाले अंतर्राजीय गिरोह के तीन आरोपियों को सरगुजा पुलिस ने गिरफ्तार किया है। ये तीनों आरोपी शहर के एक होटल में रूके थे। आरोपी 28 नवंबर को टेम्परिंग कर 21 ट्रांजेक्शन व 4 दिसंबर को 25 ट्रांजेक्शन कर लगभग 2 लाख 10 हजार रुपए आहरण कर बैंक को नुकसान पहुंचाया था। पुलिस ने इनके कब्जे से अलग-अलग बैंक के 120 नग एटीएम कार्ड, एक स्विफ्ट कार, 4 नग मोबाइल व 1 लाख 20 हजार रुपए नकद बरामद किया है। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ धारा 420 व 120 के तहत कार्रवाई कर जेल दाखिल कर दिया है।

इस मामले का खुलासा करते हुए सरगुजा एसपी भावना गुप्ता ने बताया कि अज्ञात द्वारा 28 नवंबर को एसबीआई के एटीएम में शटर टेम्परिंग कर 21 ट्रांजेक्शन व 4 दिसंबर को 25 ट्रांजेक्शन कर लगभग 2 लाख 10 हजार रुपए अनाधिकृत रूप से आहरणा कर बैंक क्लेम किए जाने का रिपोर्ट प्रार्थी गौतम दास कैश आफिसर स्टेट बैंक अंबिकापुर द्वारा कोतवाली में दर्ज कराया गया था। इस मामले में पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ धारा 420 व 120 के तहत अपराध दर्जकर विवेचना की जा रही थी। इस मामले में आईजी राम गोपाल गर्ग के निर्देश पर एएसपी विवेक शुक्ला, सीएसपी स्मृतिक राजनाला, एसडीओपी अखिलेश कौशिक के नेतृत्व में थाना प्रभारी कोतवाली उप निरीक्षक रूपेश नारंग एवं पुलिस टीम द्वारा आरोपियों के धरपकड़ के लिए जिले के सभी निकासी स्थल की नाकेबंदी कर सभी संभावित स्थल पर छोपेमारी की गई। इस दौरान पुलिस द्वारा होटल, लॉज चेक करने पर बस स्टैंड के पास स्थित



एक होटल में तीन संदिग्ध मिले। पुलिस द्वारा यहां रूकने का कारण पूछने पर कोई ठोस जवाब नहीं दिया गया। पुलिस ने जब इनकी तलाशी ली तो इके कब्जे से 120 नग एटीएम कार्ड, 4 नग मोबाइल व 1 लाख 20 हजार रुपए नकदी पाया गया। जिसे जब्त कर पुलिस ने इनसे सख्ती से पूछताछ की तो ये उत्तरप्रदेश से आकर एटीएम मशीन की शटर टेंपरिंग कर धोखधड़ी करने की बात स्वीकार की। जिसे पुलिस ने गिरफ्तार कपील विश्वकर्मा पिता अशोक विश्वकर्मा उम्र 25 वर्ष, नीरज निषाद पिता नाथूराम निषाद उम्र 20 वर्ष निवासी कालपी जिला जालौन यूपी व अजय कुमार निषाद पिता छोटे लाल निषाद उम्र 19 वर्ष निवासी सेखपुरगांड़ाद थाना कालीप जिला जालौन यूपी के खिलाफ पुलिस ने धारा 420, 120 के तहत कार्रवाई कर जेल दाखिल कर दिया है। बस स्टैंड सहायता केंद्र प्रभारी सहायक उपनिरीक्षक अभिषेक पाण्डेय, प्रधान आरक्षक विजय रवि, आरक्षक चंचलेश सोनवानी, विमल कुमार, शिव कुमार राजवाड़े, कुंदन सिंह, शाहबाज खान, सैनिक संतोष पाठक, दिलीप नायक शामिल रहे।

### इस तरह करते थे धोखाधड़ी

एसपी भावना गुप्ता ने बताया कि ये आरोपी काफी शातीर हैं। एटीएम मशीन की शटर टेंपरिंग करने के लिए अलग-अलग नाम से 120 नग एटीएम कार्ड रखे हुए थे। ये ज्यादातर एसबीआई बैंक के एटीएम का टेंपरिंग करते थे। ये एटीएम कार्ड से रुपए निकालने के दौरान शटर टेंपरिंग कर रुपए भी निकाल लेते थे और तकनिकी इस्तेमाल कर प्रोसेस को फैलुअर भी करा देते थे। इसके बाद पुनः बैंक में क्लेम कर देते थे। इससे सीधे बैंक का नुकसान हो रहा था। एसपी ने बताया कि आरोपी अपने क्षेत्र में अलग-अलग नाम से कई लोगों का खाता खुलवाकर उसका एटीएम व पासबुक अपने पास रख लेते थे और इसके एवज में खातेधार को कुछ रुपए देते थे और उसका खाते को धोखधड़ी करने में इस्तेमाल करते थे।

## ट्रक की चपेट में आने से युवक की मौत,ट्रक के पहिए में फंसे शव को क्रेन के मदद से निकाला गया बाहर



- संवाददाता -
अंबिकापुर, 06 दिसम्बर 2022 (घटती-घटना)।

शहर के प्रतिक्षा बस स्टैंड चौक के पास मंगलवार की सुबह करीब 10 से 11 बजे एक ट्रक ने स्कूटी सवार युवक को चपेट में ले लिया। ट्रक के पहिए में फंसने से युवक को घसिटते हुए वाहन चलक कुछ दूर तक लेकर चला गया। करीब आधे घंटे तक युवक का शव वाहन के पहिए में फंसा रहा। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और केन मंगवाकर ट्रक के पहिए को ऊपर उठाकर युवक के शव को बाहर निकाला गया।

जानकारी के अनुसार राजकुमार शर्मा पिता रामेश्वर शर्मा उम्र 26 वर्ष शहर के बसदेवापारा का रहने वाला था। वह मंगलवार की सुबह स्कूटी से प्रतिक्षा बस स्टैंड की ओर गया था। इस दौरान प्रतिक्षा बस स्टैंड चौक के पास गांधी चैक की ओर से बिलासपुर चौक की ओर जा रहे तेज रफ्तार ट्रक ने स्कूटी सवार युवक राजकुमार को चपेट में ले लिया। इस दौरान युवक वाहन के पहिए में फंस गया और ट्रक चालक युवक को घसिटते हुए कुछ दूर तक ले गया। इससे युवक की दर्दनाक मौत हो गई और उसका शव आधे घंटे तक वाहन के पहिए में फंसा रहा। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और क्रेन मंगलवाकर ट्रक के पहिए को उठाकर युवक के शव को बाहर निकाला गया।

## 1 साल से लटकी है सहायक शिक्षकों की पदोन्नति प्रक्रिया

- संवाददाता -
अंबिकापुर, 06 दिसम्बर 2022 (घटती-घटना)।

सहायक शिक्षक से प्राथमिक प्रधान पाठक की पदोन्नति प्रक्रिया 1 साल बीत जाने के बाद भी पूर्ण नहीं हो पाई है। कोर्ट के स्टे हटने के 3 महीने बाद भी शिक्षा विभाग और जिला प्रशासन लगातार पदोन्नति प्रक्रिया की कार्यवाही कर रही है किंतु अधिकारियों की मनमानी और विभाग की उदासीनता के कारण 3 माह के बाद भी पदोन्नति की प्रक्रिया पूर्ण नहीं हो पाई है। छत्तीसगढ़ सर्व शिक्षक फेडरेशन के प्रदेश संयोजक शिव मिश्रा की अगुवाई में सरगुजा जिले के सहायक शिक्षक कई बार अधिकारियों से मुलाकात और चर्चा कर चुके हैं। मुलाकात में अधिकारियों द्वारा पारदर्शी रूप से त्वरित पदोन्नति किए जाने का आश्वासन दिया जाता रहा है। 2 नवंबर को पदोन्नति का आदेश जारी हुआ था किंतु उसमें भारी अनियमितता और त्रुटि होने के कारण 4 नवंबर को ही उसे निरस्त कर दिया गया। इसके बाद सर्व शिक्षक फेडरेशन ने अनियमितताओं पर अंकुश लगाने हेतु उक्त पदोन्नत सहायक शिक्षकों के पदस्थापन को काउंसलिंग के माध्यम से कराने की मांग की इसके बाद जिला प्रशासन द्वारा एक ही माह में दो बार काउंसलिंग करने का आदेश जारी कर उसे निरस्त कर दिया गया। इस मामले पर सर्व शिक्षक फेडरेशन के प्रदेश संयोजक शिव मिश्रा ने कहा है कि जिले के 800 सहायक शिक्षकों के पदोन्नति की प्रक्रिया को पारदर्शी रूप से जल्द से जल्द कराने हेतु हमारे द्वारा लगातार प्रयास किया जा रहा है। किंतु विभाग द्वारा इस मामले में पूर्ण रुप से उदासीनता बरती जा रही है। अब यहां के पदोन्नत सहायक शिक्षकों का धैर्य टूटता जा रहा है यदि यह पदोन्नति की प्रक्रिया विभाग जल्द से जल्द नहीं की जाती है तो आने वाले समय में जिले के सभी सहायक शिक्षक विभाग के विरुद्ध विरोध प्रदर्शन एवं उग्र आंदोलन करने हेतु बाध्य होंगे। जिसकी समस्त जिम्मेदारी शासन और प्रशासन की होगी।

## प्लास्टिक डिस्पोजल की दुकान में लगी भीषण आग



- संवाददाता -
अंबिकापुर, 06 दिसम्बर 2022 (घटती-घटना)।

शहर के अग्रसेन चौक के पास स्थित होटल बसंत के सामने प्लास्टिक डिस्पोजल की दुकान में सोमवार की रात आग लगने से हड़कंप मच गया। स्थानीय लोगो ने तत्काल आगजनी की जानकारी फायर बिग्रेड और विद्युत विभाग को दी। मौके पर पहुचीं फायर ब्रिगेड की टीम ने घंटों मशक्कत पर आग पर काबू पाया। इस दौरान चार टैंकर पानी आग बुझाने में खर्च हुए।

जानकारी के अनुसार अंबिकापुर के बसंत होटल के सामने स्थित प्लास्टिक के डिस्पोजल की थोक दुकान है। सामवार की रात बसंत होटल में शादी समारोह कार्यक्रम का आयोजन किया गया था और आतिशबाजी की जा रही थी। पटाखे की एक चिंगारी उस दुकान के ऊपर गिरी और आग पूरी तरह फैल गई। वहीं मौके पर मौजूद स्थानीय लोगों ने फायर ब्रिगेड की टीम को फोन कर बुलाया। मौके पर पहुंचीं फायर ब्रिगेड की टीम ने काफी मशक्कत के बाद आग बुझाने में सफल रहा। आगजनी में दुकान संचालक को काफी नुकसान हुए हैं।

## सीनियर व जूनियर चिकित्सकों की वर्चस्व की लड़ाई में मेडिकल कॉलेज की बिगड़ रही व्यवस्था

- संवाददाता -
अंबिकापुर, 06 दिसम्बर 2022 (घटती-घटना)।

मेडिकल कॉलेज अस्पताल में हुई नवजात बच्चों की मौत के मामले में भाजपा पार्षद आलोक दुबे ने शासन के स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री टीएस सिंहदेव को पत्र लिखकर निम्न अमूल-चूल परिवर्तन करने की मांग की है।



उन्होंने पत्र में उल्लेख किया है कि इस तरह की घटना का मूल कारण दो विभागों की वर्चस्व की लड़ाई है। चिकित्सालय में जितने भी विभाग हैं उनके एचओडी चिकित्सा शिक्षा विभाग के जूनियर डॉक्टर हैं उनसे 20-25 साल सीनियर स्वास्थ्य विभाग के डॉक्टरों को जो कि जिला चिकित्सालय में पदस्थ हैं एचओडी का सहायक बनाकर रखा गया है। क्योंकि जिला चिकित्सालय को मेडिकल कॉलेज अस्पताल के रूप में मेडिकल कॉलेज प्रबंधन द्वारा अधिग्रहित किया हुआ है। ऐसी ही स्थिति सभी वार्डों में प्रभारी जुनियर नर्से अपने से सीनियर नर्सों की बॉस बनकर बैठी हैं। अधिकांश मेडिकल कॉलेज के एचओडी स्टाफ नर्स, मेडिकल सुप्रीटेंडेंट और डीन बिलासपुर और रायपुर के हैं। शुक्रवार को दोपहर में यह सभी अम्बिकापुर से बिलासपुर और रायपुर को प्रस्थान कर जाते हैं। मेडिकल सुप्रीटेंडेंट एवं डीन तो रायपुर में मीटिंग का बहाना करके बुधवार या गुरुवार को ही अपने घर बिलासपुर निकल जाते हैं। इनके अनुपस्थिति में यह सभी विभाग और वार्डों के जिला चिकित्सालय के पदस्थ सीनियर डॉक्टर और नर्सेस अपने जिम्मेदारी न मानते हुए चुपचाप रहते हैं। उन्होंने आगे उल्लेख किया है कि शासन में स्वास्थ्य मंत्री के पद में रहने के साथ-साथ अम्बिकापुर विधान सभा के विधायक भी हैं। साथ ही आपके अधिनस्थ आपके विधान सभा क्षेत्र में ही जिला चिकित्सालय एवं मेडिकल कॉलेज का भी संचालन हो रहा है। प्रदेश के साथ ही आपकी विशेष जवाबदारी अम्बिकापुर के विधायक होने के नाते जिला चिकित्सालय अम्बिकापुर एवं मेडिकल कॉलेज अम्बिकापुर की जवाबदारी है। अम्बिकापुर विधानसभा क्षेत्र की जनता बहुत उम्मीद से आपसे यह उम्मीद लगाई थी कि, स्वास्थ्य विभाग के मंत्री पद पर रहते हुए जिला चिकित्सालय अंबिकापुर एवं मेडिकल कॉलेज अम्बिकापुर की व्यवस्था सुचारू एवं चौक-चौबंद रहेगी। किंतु दुर्भाग्य से कहना पड़ रहा है कि, चार साल बीत गये किन्तु शहर की जनता आपसे निराश है।

## लापरवाही से मौत हुई नवजात शिशुओं जिम्मेदारों पर हो सख्त से सख्त कार्रवाई

- संवाददाता -
अंबिकापुर, 06 दिसम्बर 2022 (घटती-घटना)।

आजाद सेवा संघ के प्रदेश सचिव रचित मिश्रा के नेतृत्व संघ के कार्यकर्ताओं ने प्रदेश के मुख्यमंत्री के नाम का जिला कलेक्टर के माध्यम से ज्ञापन सौंपा और बताया कि में राजमाता देवेंद्र कुमारी सिंहदेव मेडिकल कॉलेज में दिन 5 दिसंबर को बीती रात लगभग 4 घंटे लाइट गुल होने के कारण और खराब व्यवस्था होने के कारण चार नवजात शिशुओं की इस लापरवाही के कारण मृत्यु हो गई, इस लापरवाही से यह पता चलता है कि जिला अस्पताल की स्थिति बेहद बिगड़ चुकी है और इस घटना के बाद जिले के आम जनों को भी अपने इलाज का उपचार कराने में डर का माहौल बना चुका है। मासूम नवजात शिशुओं के मृत्यु के पीछे जिन भी अधिकारियों की लापरवाही है उन पर तत्काल रूप से सख्त से सख्त कार्यवाही किया जाए। गैर राजनीतिक दल आजाद सेवा संघ के ओर से मांग करते है जिला अस्पताल की लाचार व्यवस्था को दुरुस्त किया जाए जिससे आने वाले समय में इससे बड़ी घटना ना घटे।जापान सॉफ्टवेयर में उपस्थित रहे छात्र मोर्चा जिला अध्यक्ष प्रतिक गुप्ता अभिनव चतुर्वेदी शुभम पटेल,रवि गुप्ता, सुभाष ठाकुर, पंकज ठाकुर, देवेंद्र ठाकुर, करन राजवाड़े, नितिश भाई पटेल, अतुल गुप्ता आदि उपस्थित रहे।

## सड़क निर्माण पर रोक हटा पुनः कार्य की अनुमति प्रदान करने की मांग,बच्चों के स्कूल जाने में होती है समस्या




- संवाददाता -
अंबिकापुर, 06 दिसम्बर 2022 (घटती-घटना)।

मैनपाट मुख्य मार्ग से जामा स्कूल तक पहुंचने के लिए वन विभाग द्वारा मिट्टी डालकर सड़क निर्माण किया जा रहा था, किंतु लखनपुर रेंजर की टीम द्वारा कार्य पर रोक लगा दिया गया है, जिससे ग्रामीण काफी परेशान है। उक्त सड़क निर्माण को पुनः प्रारंभ कराने की अनुमति प्रदान करने को लेकर मंगलवार को जामा मोहल्ला खजूरढोढी के ग्रामीणों ने जनदर्शन में ज्ञापन सौंपा है। ग्रामीणों ने ज्ञापन के जरिए कहा कि खजूरढोढी निवासी अमर साय लकडा के कहने पर पूर्व फॉरेस्ट अधिकारी द्वारा सड़क का निर्माण मैनपाट मुख्य मार्ग से जामा स्कूल तक पहुंचने के लिए कराया जा रहा था ताकि स्कूल पहुंचकर बच्चे उचित शिक्षा प्राप्त कर सकें। बच्चों के स्कूल पहुंचने की समस्या को देखते हुए सड़क निर्माण का कार्य हो रहा था। सड़क नहीं होने से गर्भवती महिलाओं को लाने ले जाने में भी समस्या होती है। इतना ही नहीं कई प्रसूता महिलाएं तो रास्ते में ही अपने बच्चों की जान गंवा देती है। उक्त समस्याओं को देखते हुए ग्रामीणों ने सड़क बनाने का आदेश प्रदान किए जाने की मांग की है। ज्ञापन सौंपते दौरान अमर साय, विजय बड़ा, हरिलाल, रंजीत, रवि टोप्पो सहित अन्य ग्रामीण मौजूद थे।

## एटीएम जाम कर आरक्षक का 50 हजार रुपए निकालने वाले दो आरोपी गिरफ्तार

- संवाददाता -
अंबिकापुर, 06 दिसम्बर 2022 (घटती-घटना)।

एटीएम कार्ड जाम कर आरक्षक के खाते से 50 हजार रुपए निकालने के मामले में पुलिस ने दो आरोपियों को झारखंड के पलामू से गिरफ्तार कया है। पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई कर जेल दाखिल कर दिया है।

इस मामले का खुलासा करते हुए एसपी भावना गुप्ता ने बताया कि प्रार्थी अमित कुजूर जो कि आरक्षक के पद पर पदस्थ है। वह 30 नवंबर की सुबह प्रतिक्षा बस स्टैंड के पास एचडीएफसी बैंक के एटीएम में रुपए निकालने गया था। प्रोसेस के दौरान इसका एटीएम कार्ड मशीन में फंस गया था। इस दौरान मदद करने के नाम पर दो युवकों ने धोखाधड़ी कर इसके खाते से 50 हजार रुपए निकाली कर लिए थे। अमित कुजूर ने मामले की रिपोर्ट मणिपुर चौकी में दर्ज कराया था। पुलिस अज्ञात के खिलाफ अपराध दर्ज कर मामले की जांच कर रही थी। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक विवेक शुक्ला, नगर पुलिस अधीक्षक स्मृतिक राजनाला, एसडीओपी अखिलेश कौशिक के नेतृत्व में चौकी प्रभारी मणिपुर उपनिरीक्षक सरफराज फिरदौशी एवं पुलिस टीम विवेचना की जा रही थी। घटनास्थल के पास लगे सीसीटीवी फुटेज व घटना में प्रयुक्त कार के संबंध में जानकारी प्राप्त कर साइबर तकनीकी से विशेष टीम आरोपियों की धरपकड़ के लिए झारखंड के पलामू रवाना हुई थी। पुलिस टीम के सतत प्रयास से



आरोपी अहमद रजा एवं खालिद अंसारी निवासी चैनपुर जिला पलामु झारखंड को हिरासत में लेकर पूछताछ की तो ये अपना जुर्म कबूल कर लिया। पुलिस ने इन्हें गिरफ्तार कर इनके कब्जे से 36 हजार रुपए नकद, 7 एटीएम कार्ड व घटना में प्रयुक्त कार को जब्त किया है। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई कर जेल दाखिल कर दिया है। कार्रवाई में सहायक उप निरीक्षक विवेक पाण्डेय, प्रधान आरक्षक सुधीर कुसह, इम्तियाज अली, बृजेश राय, सत्येन्द्र दुबे, वीरेंद्र पैकरा शामिल रहे।

### इस तरह करते थे ठगी

एसपी ने बताया कि आरोपियों द्वारा घूम-घूम कर लोगों का एटीएम कार्ड जाम कर धोखधड़ी करते हैं। आरोपी पहले से एटीएम मशीन में फेवीक्यूक या अन्य पदार्थों चिपका कर छोड़ देते थे। जैसे ही लोग उक्त एटीएम में पैसा निकालने जाते थे उनका एटीएम कार्ड मशीन में फंस जाता था। इस दौरान मदद के नाम पर पहुंचते थे और टॉल फ्री नंबर पर बात करने के लिए पीड़ित को बोलते थे। टॉल फ्री नंबर भी ये खुद ही देते थे जो इनके ही गिरह का रहता था। टॉल फ्री नंबर पर बात करने के दौरान पीन कोर्ड पूछा जाता था। इस दौरान ये आरोपी पीन कोर्ड देख लेते थे। इसके बाद भी जब कार्ड मशीन से नहीं निकलता था तो पीड़ित वापस चला जाता था। इसके बाद आरोपी पलास या किसी चीज से कार्ड को खिंच कर निकाल लेते थे और पुनः उसी कार्ड से पैसा निकाल कर लोगों को धोखड़ी करते थे।

# भीषण ठंड में एक परिवार का उजड़ा आशियाना,जिम्मेदार कौन ?

## रसूखदारों की दबंगई ने कड़ाके की ठंड में छीन लिया एक परिवार का आशियाना

- » न्यायालय के आदेश को दरकिनार कर ग्रामीणों ने आदिवासी के घर बोला धावा
- » चंद घंटों में पूरे मकान को किया ध्वस्त, घरवाले स्थगन आदेश का देते रह गए हवाला
- » महिलाओं के साथ खुलेआम होती रही गुंडागर्दी, सरेराह उन्हें पीटा गया, आई गंभीर चोटें
- » एफआईआर के बजाए मामले को दबाने में लगा रहा पुलिस प्रशासन, दबाव के कारण अंततः एफआईआर हुआ दर्ज
- » सरेराह होती रही मारपीट, लोग देखते रहे तमाशा और बनाते रहे वीडियो
- » एसडीएम के आदेश को किया दरकिनार, तहसीलदार के आदेश पर ग्रामीणों ने की गैर कानूनी कार्यवाही

- रवि सिंह -
बैकुंठपुर 06 दिसम्बर 2022 (घटती-घटना)।

पोड़ी बचरा तहसील अंतर्गत ग्राम जिल्दा के एक आदिवासी के घर को ग्रामीणों द्वारा तोड़ने का मामला प्रकाश में आया है। जहां तहसीलदार ने उक्त आदिवासी के घर को तोड़ने दिया था आदेश।तहसीलदार के आदेश को लेकर अनुविभागीय अधिकारी राजस्व बैकुंठपुर को किया गया था अपील। अपील उपरांत अनुविभागीय अधिकारी ने प्रकरण में दिया था स्थगन का आदेश। यह माना जारहा है की एक हतप्रभ कर देने वाली घटना सामने आई है कुछ दबंगों की दबंगई ने यहां एक परिवार का आशियाना ही छीन लिया। सैकड़ो की भीड़ के बीच ये दबंग बेख़ौफ़ होकर वर्षों से बने घर को ढहा ये साबित कर दिया कि यहां कानून नाम की कोई चीज ही नही है। मामला खड़गवां विकासखंड पोड़ी बचरा तहसील अंतर्गत ग्राम जिल्दा के एक आदिवासी का मकान कथित तौर पर शासकीय जमीन पर बना हुआ है। जिसे हटाने का आदेश तहसीलदार न्यायालय द्वारा दिया गया था। जिसके विरुद्ध एसडीएम न्यायालय बैकुंठपुर से स्थगन आदेश प्राप्त था, जिसकी प्रति तहसीलदार न्यायालय एवं संबंधित थाने को प्रेषित की जा चुकी थी। बावजूद इसके तहसीलदार न्यायालय के आदेश को सर्वमान्य मानकर ग्रामीणों ने आदिवासी के मकान पर धावा बोल दिया। जो व्यक्ति और महिलाएं घर पर मौजूद थे, उनके साथ सरेराह ग्रामीणों द्वारा गुंडागर्दी करते हुए जमकर मारपीट की गई। उन्हें गंभीर चोटें पहुंचाई गई और कुछ ही घंटों में आदिवासी व्यक्ति के पूरे मकान को नेस्तनाबूद कर दिया गया। भीड़ में मौजूद लोग इतने आक्रोशित थे की महिलाओं को सड़क पर लाकर पीटा गया, जिन्हें गंभीर चोटें आई। महिलाएं चिल्लाती रही, परंतु उनकी मदद के लिए कोई सामने नहीं आया। अपितू लोग फोटो खींचने और वीडियो बनाने में मशगूल रहे।



जानकारी अनुसार बीते दिवस जिल्दा में रहने वाले नवल साय शासकीय भूमि पर करीब 15 साल पुराने बने मकान में परिवार समेत रहते है। घटना 5 दिसंबर दोपहर 3 बजे की है,जब नवल साय का परिवार घर मे मौजूद थे तभी गांव के कुछ लोग गाली गलौज कर जान से मारने की धमकी देते हुए घर के अंदर घुसकर मारपीट करते हुए घर को तोड़ दिया ।घटना के बाद पीड़ित पक्ष ने थाने पहुंच मामले में नामजद एफआईआर दर्ज कराई जिसमे पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ धारा 147, 294, 323, 427, 452, 506 के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लेकर 11 आरोपियों को गिरफ्तार किया है।

### अनुविभागीय अधिकारी राजस्व के आदेश के विपरीत किये कृत्य के खिलाफ पीड़ित ने थाने में दर्ज करारी रिपोर्ट

वाबजूद ग्राम जिल्दा के कुछ ग्रामीणों द्वारा तहसीलदार के आदेश को सर्वमान्य मानकर नियमविरुद्ध तरीके से बड़ी संख्या में धावा बोल घर को किया गया क्षतिग्रस्त। जबकि पीड़ित द्वारा तहसीलदार के आदेश के खिलाफ अनुविभागीय अधिकारी के स्थगन आदेश की प्रति तहसीलदार समेत थाना में पीड़ित ने दिया था सूचना। सूत्रों के अनुसार तथाकथित भीड़ के द्वारा अनुविभागीय अधिकारी राजस्व के आदेश के विपरीत किये कृत्य के खिलाफ पीड़ित ने थाने में पहुँच लिखवानी चाही रिपोर्ट, तब पीड़ित के ऊपर मामले को दबाने बनाया गया दवाब, अंततः हुआ एफआईआर दर्ज।

### यह है मामला

जानकारी के अनुसार तहसील पोड़ी के प्रकरण क्रमांक 202111012600008/22/बी-121/2021-22 में दर्ज है। ग्रामीण सागर सिंह व अन्य 29 ग्राम जिल्दा व नवल साय जिल्दा निवासी के बीच मामला चल रहा है। मामले की सुनवाई कर तहसीलदार ने 25 दिसंबर को नवल साय को नोटिस जारी कर खसरा नंबर 285 रकबा 0.66 हेक्टेयर में से 9 मीटर चौड़ाई और 19 मीटर लंबाई, जो बड़े झाड़ के जंगल मद में मकान बनाने को लेकर एक हजार रुपए जुर्माना लगाया गया है। वहीं बेदखल करने आदेश पारित हुआ है। मामले में 5 दिसंबर के पहले अतिक्रमण हटाने और जुर्माना राशि जमा करने नोटिस जारी हुआ था। मामले में ग्रामीण नवल सिंह ने एसडीएम बैकुंठपुर न्यायालय में अधिवक्ता के माध्यम से अपील लगाई थी। जिसकी सुनवाई कर तहसील से पारित बेदखली कार्रवाई पर रोक लगाई गई थी। वहीं दूसरे पक्ष के ग्रामीणों ने अनुविभागीय अधिकारी के स्थगन आदेश को न मानते हुए और बिना किसी प्रशासनिक अधिकारी के मौजूदगी के ही बलपूर्वक नवल साय के परिवार के साथ मारपीट करते हुए घर को ढहा दिया।

### पुलिस प्रशासन मामले को दबाने में रहा लगा रहा

सूत्रों की माने तो मामला यहीं नहीं रुका, इतने भीषण ठंड में आदिवासी परिवार के पूरे आशियाने को तोड़ने और महिलाओं के साथ मारपीट करने की रिपोर्ट जब संबंधित चौकी में की जानी चाहि तो पुलिस प्रशासन मामले को दबाने में रहा लगा रहा। अंततः मजबूर होकर पुलिस प्रशासन को एफ आई आर दर्ज करनी पड़ी। पूरे मामले में बड़ा सवाल यह है की स्थगन आदेश की प्रति जब तहसील कार्यालय और संबंधित चौकी में पहुंच चुकी थी, तो इतने बड़े मामले को ग्रामीणों ने अपने हाथ में लेने का दुस्साहस कैसे किया? यदि स्थगन आदेश नहीं भी होता तो कब्जा किए गए जमीन से मकान को हटाने का कार्य प्रशासन का था। इसमें ग्रामीणों की कोई भूमिका नहीं होनी चाहिए। परंतु खुलेआम गुंडागर्दी की तर्ज पर इतनी बड़ी कार्यवाही का कर जाना किसी सरपरस्ती को संकेत करता है।

### भीषण ठंड में उजड़ा आशियाना, जिम्मेदार कौन और पनाह कहां?

शासन-प्रशासन लाख कार्यवाही की बात करें, पर जिस परिवार का आशियाना इस भीषण ठंड में उजड़ गया है उसे तत्कालीन राहत कैसे मिलेगी?? यह एक बड़ा प्रश्न है। मामले को करीब से जानने वालों का यह भी कहना है की ग्रामीणों द्वारा जब धावा बोला गया? तो मकान पर निवासरत महिलाओं को मारपीट करते हुए बाहर ले जाया गया और मकान के अंदर मौजूद सामग्री को भी तहस-नहस कर दिया गया है। एवं उन सामग्रियों, सामानों के ऊपर ही मकान को गिरा दिया गया, जिससे मकान के भीतर मौजूद सारी वस्तुएं क्षतिग्रस्त हो गई। अब इसकी भरपाई कौन करेगा? इतनी भीषण ठंड में आदिवासी परिवार के सदस्य जाएंगे कहां और दैनिक जीवन कि आवश्यक वस्तुओं की पूर्ति कहां से होगी इसका जवाब भी प्रशासन को देना चाहिए। पूरे मामले में आश्चर्य का विषय यह भी है की असंत ग्रामीण घंटों मकान को छतिग्रस्त करते रहे परंतु चंद किलोमीटर की दूरी पर मौजूद पुलिस प्रशासन ने उक्त कार्यवाही को रोकने किसी प्रकार की कोई पहल नहीं की।

# आवर्ती चराई क्षेत्र विकास में कार्यों में भारी भ्रष्टाचार कार्य पूर्ण करने नहीं ले रहा है वन विभाग रुचि





- संवाददाता -
प्रतापपुर, 06 दिसम्बर 2022 (घटती-घटना)।

वनपरीक्षेत्र प्रतापपुर में मनरेगा के तहत वन विभाग द्वारा निर्मित यह आवर्ती चराई क्षेत्र विकास कार्य दरअसल भ्रष्टाचार की चारागाह बन कर रह गई है। मामला वन परीक्षेत्र प्रतापपुर के धरमपुर सर्किल बगडा रोड के जंगल किनारे बने आवर्ती चराई क्षेत्र विकास योजना का जो भ्र्ष्टाचार एवं अनियमितता को भेंट चड गया है लाखों रुपये खर्च कर पशुओं के चराई के लिए जंगल किनारे चारों ओर सिंचाई नाले का गड्डा खोदा गया है ताकि पशु आरक्षित क्षेत्र से बाहर न जा सकें, साथ में जंगल से पेड़ों की कटाई कर एक छपरी बनाया गया है ताकि पशु चराई करने के बाद विश्राम कर सकें। एक तरफ तो वन विभाग कहती है कि पेड़ों की कटाई न करें, अधिक से अधिक पेड़ लगायें किंतु खुद वो अपने बातों पर कितना अमल करती है आप यहां आकर देख सकते हैं। छपरी में खंभे के रूप में उपयोग में लाये गये ये वृक्ष भविष्य में बड़े वृक्ष बनकर वनोपज देकर वनवासियों के जीवन में खुशहाली लाने में सहायक होती किंतु चंद रुपयों की लालच में वन विभाग की बलि चढ़ गए । इस तरह के मामले में प्रशासन को स्वतः संज्ञान लेना चाहिए लेकिन शासन और प्रशासन के मिली भगत से यहां पेड़ो की कटाई कर पेड़ों को नुकसान पहुंचाया जा रहा है। ये जो चराई क्षेत्र देख रहे हैं इसमें आज तक एक भी बैल-बकरी चराई करने नहीं आये ऐसे में इस चराई क्षेत्र बनाने का क्या औचित्य मतलब साफ है जनता के पैसों का किसी तरह बंदरबांट कर लिया जाये।

मामले में आशुतोष भगत उप वन मंडल अधिकारी ने कहा है कि आवर्ती चराई क्षेत्र विकास कार्य के तहत धरमपुर जंगल मे कार्य प्रारंभ है तूफान एवं बरसात के चलते छपरी छतिग्रस्त हो गया है । यहां पेड़ों की कटाई नही की गई है पेड़ो से छाटें गए छोटे डहलियों के लड़की टुकड़ों का ही इसमे उपयोग किया गया है । वहीं निर्माण कार्य के संबंध में मुझे जानकारी नहीं मिली है अगर निर्माण कार्य सही ढंग से नहीं हो रहा है तो उसे जल्द से जल्द सुधार किया।

# सैकड़ों लोगों से करोड़ों रुपए की ठगी का मामला सामने आया





- संवाददाता -
सूरजपुर , 06 दिसम्बर 2022 (घटती-घटना)।

सूरजपुर के एक निजी बैंक के मैनेजर के द्वारा सैकड़ों लोगों से करोड़ों रुपए की ठगी का मामला सामने आया है, सभी पीड़ित अत्यंत गरीब परिवार से हैं, गरीबों को करोड़ों की चपत लगाने के बाद बैंक मैनेजर फरार बताया जा रहा है, वही पीड़ित न्याय के लिए दफ्तरों के चक्कर लगा रहे हैं, मीडिया की दखल के बाद अब पुलिस विभाग जांच कर कार्यवाही की बात कर रहा है,,

सूरजपुर जिले के केशवनगर स्थित बंधन बैंक, यहां के मैनेजर विनय के द्वारा लगभग 150 ग्रामीणों से करोड़ों की ठगी की गई है, ठगी भी इतने शातिराना ढंग से की गई है कि जब तक ग्रामीणों को यह पता चलता कि वह ठगे गए हैं, तब तक आरोपी मैनेजर करोड़ों रुपए लेकर फरार हो गया, पीड़ित सभी मजदूर तबके से हैं, यह पूरा मामला मई-जून 2022 का है, इस दौरान जितने भी लोग बैंक से लोन लेने गए, आरोपी मैनेजर ने इन लोगों से लोन के दस्तावेजों में साइन कराने के साथ ही झूठ बोलकर चेक में भी साइन करा लिया और जैसे ही ग्रामीणों के अकाउंट में लोन का पैसा आया उन्हें बिना जानकारी दिए बैंक मैनेजर ने चेक से पैसा निकाल लिया, जब मैनेजर का ट्रांसफर दूसरे बैंक में हो गया और नए मैनेजर ने पदभार ग्रहण किया तो उसने पैसे की रिकवरी के लिए ग्रामीणों के पास नोटिस भेजा, तब जाकर इन ग्रामीणों को पता चला कि उनके नाम से लोन दिया गया है, तब से ग्रामीण पुलिस थाने के चक्कर लगा रहे हैं लेकिन आरोपी बैंक प्रबंधक खिलाफ अभी तक कोई मामला दर्ज नहीं किया गया है, वही ग्रामीणों ने अब पुलिस अधीक्षक सूरजपुर से भी कार्रवाई की मांग की है,,

**सरिता गुप्ता, पीड़ित**
**चंपा देवी, पीड़ित**



पुलिस अधीक्षक के निर्देश के बाद अब पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है, पुलिस के अनुसार मामला बहुत बड़ा है, पूरे मामले की जांच की जा रही है, जांच के बाद ही आरोपी पर कार्रवाई की जाएगी, वही जब हमने बैंक प्रबंधन से बात की तो उन्होंने कैमरे के सामने कुछ भी बोलने से इंकार कर दिया, हालांकि बिना कैमरे के उन्होंने बताया कि बैंक प्रबंधन की तरफ से भी मामले की जांच की गई है, जिसमें यह पाया गया है कि आरोपी मैनेजर के द्वारा ग्रामीणों से लोन दिलाने के नाम पर ठगी की गई है, इसलिए फिलहाल आरोपी बैंक प्रबंधक को बैंक ने कार्यमुक्त कर दिया है,

**के डी बनर्जी,, थाना प्रभारी बिश्रामपुर**

इस पूरे मामले में सबसे महत्वपूर्ण यह है कि ठगे गए लगभग सभी लोग बहुत ही गरीब तबके के हैं, उनके लिए दो वक्त की रोटी जुटा पाना भी एक चुनौती है, यही वजह है कि ये लोग बैंक से लोन लेकर छोटा-मोटा व्यवसाय कर अपनी जीविका चलाना चाह रहे थे, लेकिन एक लालची बैंक प्रबंधक की वजह से यह और मुसीबत में पड़ गए हैं।

# मुख्य अतिथि एवं भाजपा मंडल अध्यक्ष प्रतापपुर के अध्यक्षता में कार्य समिति की बैठक हुई संपन्न

- संवाददाता -
प्रतापपुर , 06 दिसम्बर 2022 (घटती-घटना)।

भारतीय जनता पार्टी मंडल प्रतापपुर के कार्य समिति का बैठक भाजपा जिलाध्यक्ष सूरजपुर बाबूलाल गोयल के मुख्य अतिथि एवं भाजपा मंडल अध्यक्ष प्रतापपुर अक्षय तिवारी के अध्यक्षता में शक्ति केंद्र बैकोना में संपन्न हुआ । बैठक के दौरान भाजपा जिलाध्यक्ष सूरजपुर अजय अग्रवाल ने क्षेत्रीय विधायक एवं प्रदेश के शिक्षा मंत्री प्रेमसाय सिंह पर क्षेत्र की ग्रामीण जनता किसान कर्मचारी एवं युवाओं की उपेक्षा एवं शोषण किए जाने का आरोप लगाया ।





भारतीय जनता पार्टी मंडल प्रतापपुर के शक्ति केंद्र बैकोना में आयोजित मंडल कार्यसमिति बैठक का शुभारंभ कार्यक्रम में उपस्थित जिलाध्यक्ष भाजपा सूरजपुर बाबूलाल गोयल एवं अन्य अतिथियों द्वारा भारत माता पंडित दीनदयाल उपाध्याय डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी के छायाचित्र के समक्ष माल्यार्पण एवं धूप प्रज्वलित कर किया गया, कार्यक्रम के दौरान मंडल अध्यक्ष अक्षय तिवारी एवं मंडल मोर्चा प्रकोष्ठ के पदाधिकारियों द्वारा माल्यार्पण कर सभी अतिथियों का स्वागत किया गया कार्यक्रम मंडल अध्यक्ष अक्षय तिवारी द्वारा स्वागत उद्बोधन के साथ संगठन के निर्देशानुसार मंडल में किए गए कार्यों की संक्षिप्त जानकारी दी गई । कार्यक्रम के दौरान जिलाध्यक्ष बाबूलाल गोयल द्वारा ग्राम बैकोना के वरिष्ठ नागरिक एवं कार्यकर्ताओं का माल्यार्पण कर सम्मानित किया गया, कार्यक्रम में उपस्थित भाजपा के पदाधिकारियों कार्यकर्ताओं एवं ग्रामीणों को संबोधित करते हुए जिला अध्यक्ष भाजपा बाबूलाल गोयल ने कहा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा ग्रामीण जनता के लिए प्रधानमंत्री आवास के लिए भेजी गई राशि को राज्य भूपेश बघेल की सरकार द्वारा वापस किए जाने के कारण प्रदेश के लाखों गरीब आज पक्के का मकान बना पाने से वंचित रह गए इसके लिए राज्य की कांग्रेस सरकार पूर्ण रूप से दोषी एवं उत्तरदाई है

इसके लिए भारतीय जनता पार्टी के प्रत्येक कार्यकर्ता को गांव में प्रभावित हितग्राहियों से संपर्क कर उन्हें इस बात की जानकारी देना चाहिए साथ ही कांग्रेसी सरकार से अपने आवास की मांग करनी चाहिए कि भारतीय जनता पार्टी की केंद्र सरकार द्वारा भेजे जाने के बावजूद कांग्रेस सरकार हमारे आवास का पैसा क्यों नहीं दे रही है और हमारा घर क्यों अधूरा है। धान खरीदी में ऐसे ही छल एवं प्रपंच का सहारा लेकर केंद्र से भेजी गई राशि को भी अपना बता कर राज्य सरकार किसानों को उनके धान का उचित मूल्य नहीं दे रही है एवं धान खरीदी में किसानों के साथ भेदभाव का बर्ताव कर रही है आज तक किसानों के द्वारा जमा किए गए बुरे का पैसा राज्य सरकार द्वारा नहीं दी है ना तो उनके भांजा पूरा पैसा ही अभी तक भुगतान किया जा सकता है ऐसे ही कई कमियों एवं छत्तीसगढ़ में सत्ता पाने के लिए कांग्रेश की भूपेश बघेल सरकार किसान युवा एवं महिलाओं के लिए किए गए वादों को पूरा नहीं कर रही है शिक्षा मंत्री के क्षेत्र में सड़क की दुर्दशा से आवागमन दुर्लभ होता जा रहा है कर्मचारियों का मनमाना स्थानांतरण कर। आर्थिक एवं मानसिक शोषण किया जा रहा है अब क्षेत्र की जनता कांग्रेस की आदत आई सरकार से त्रस्त हो चुकी है और समय की प्रतीक्षा कर रही है निसंदेह अब जनता कांग्रेस की निरंकुश सरकार को उखाड़ फेंकने के लिए तैयार है । भाजपा जिलाध्यक्ष ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र की भाजपा सरकार के जनकल्याणकारी नीतियों योजनाओं की जानकारी देते हुए पिछले भारतीय जनता पार्टी की रमन सिंह की सरकार ने चालू की गई कृपा महामाया शक्कर फैक्ट्री क्षेत्र नहीं नालों में बनवाए गए छोटे बड़े पुल पुलिया पक्की सड़क का उल्लेख करते हुए भाजपा सरकार द्वारा किए गए कार्यों की जानकारी दी गई। कार्यक्रम को मुन्ना सिंह थउलाराम अंबिका जायसवाल रामधन राजवाड़े राम किशन पैकरा एवं मंडल सह प्रभारी रामधन राजवाड़े ने भी संबोधित किया। इनका संचालन महामंत्री अवधेश पांडेय एवं कार्यक्रम के उपरांत आभार प्रदर्शन महामंत्री अवधेश गुप्ता ने किया। इस दौरान पूर्व जिला मंत्री भाजपा सूरजपुर प्रेमपाल अग्रवाल वक्फ बोर्ड के पूर्व सदस्य जुल्फिकार कादरी भारतीय जनता युवा मोर्चा जिला कोषाध्यक्ष निलेश जायसवाल नगर पंचायत उपाध्यक्ष प्रतिनिधि एवं व्यापारी प्रकोष्ठ के संयोजक मुकेश अग्रवाल पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष रामप्रवेश गुप्ता पूर्व नगर पंचायत उपाध्यक्ष हेमंत खेरवार पिछड़ा वर्ग मोर्चा अध्यक्ष अशोक जयसवाल अजजा मोर्चा अध्यक्ष राजनाथ सिंह किसान मोर्चा अध्यक्ष चंद्रदेव सिंह आजा मोर्चा अध्यक्ष शिव रवि सहकारिता प्रकोष्ठ संयोजक चंद्रिका यादव भारतीय जनता युवा मोर्चा अध्यक्ष विजेंद्र कश्यप भाजयुमो महामंत्री विकास तिवारी शुभम सोनी बादल सूर्या नायक आजजा मोर्चा महामंत्री राजू सिंह सुमेर सिंह पैकरा किसान मोर्चा महामंत्री राम लखन सिंह वेद कुमार गुप्ता कमल राजवाड़े सियाराम सिंह विमल नेताम झुना राम प्रेम पैकरा पूर्व सरपंच बना बेचन सिंह रूप नारायण सिंह शक्ति केंद्र बैकोना के संयोजक श्याम केवल पैकरा इंद्र कुमार पैकरा शिवमंगल साथ ही भाजपा के वरिष्ठ पदाधिकारी कार्यकर्ता एवं क्षेत्र से आए गणमान्य नागरिक उपस्थित थे ।












# बिना फिटनेस की वाहन से अन्य राज्य तक आरोपी पकड़ने जाना क्या सही ?

## आरोपी पकड़ने में पुलिस की दिखी कई लापरवाही पर क्या होगी जांच ?

- » क्या बिना फिटनेस वाले वाहन से मनेंद्रगढ़ पुलिस टीम कर रही थी मध्यप्रदेश में आरोपी की तलाश ?
- » आरोपी को पकड़कर वापस लौटते समय वाहन हुआ दुर्घटनाग्रस्त, ड्राइवर की हुई मौत
- » खुद ही वाहनों के दस्तावेजों की जांच करने वाली मनेंद्रगढ़ पुलिस की यह बड़ी लापरवाही
- » मामला मनेंद्रगढ़ पुलिस टीम के वाहन दुर्घटना से जुड़ा हुआ,मध्यप्रदेश में पलट गया आरोपी को लेकर आ रहा वाहन
- » क्या ड्राइवर के परिवार के आश्रित सदस्य को मिलेगी पुलिस विभाग की तरफ से नौकरी या अन्य लाभ,परिजनों की न्याय की गुहार ?
- » बिना फिटनेस वाली वाहन लेकर पुलिस वाले गए थे आरोपी पकड़ने,वाहन हुई दुर्घटनाग्रस्त, चालक की हुई मौत, बीमा कंपनी देगी क्षतिपूर्ति राशि ?

**- रवि सिंह-**
**एमसीबी/मनेंद्रगढ़ 6 दिसम्बर 2022 (घटती-घटना)**

मनेंद्रगढ़ पुलिस की कार्यप्रणाली को लेकर लंबे समय से तरह तरह की बात होती आ रही थी आरोप-प्रत्यारोप लगता रहा था पर इस बार तो आरोप-प्रत्यारोप नहीं बड़ी लापरवाही सामने देखने को मिली है और वह लापरवाही कहीं ना कहीं पुलिस की तरफ से ही हुई है यह माना जा रहा है पुलिस महानिरीक्षक के आने से ठीक 1 दिन पहले थाना प्रभारी 5 कर्मचारियों के साथ एक दिव्यांग आरोपी को पकड़ने मध्यप्रदेश रवाना हो गए थे, पुलिस महानिरीक्षक के दौरे में वह अनुपस्थित रहे, पुलिस महानिरीक्षक के जाने के एक दिन बाद आरोपी को पकड़कर लौटते समय पुलिस की वाहन दुर्घटनाग्रस्त हो गई, जो वाहन दुर्घटनाग्रस्त हुई उसमें वाहन चालक की घटनास्थल पर ही मौत हो गई, अब एक और बड़ी बात यह आ रही है कि जिस वाहन में सवार होकर थाना प्रभारी व पुलिसकर्मी आरोपी को पकड़ने गए थे उस वाहन का दस्तावेज ही पूर्ण नहीं था, जानकारी आ रही है कि उक्त दुर्घटनाग्रस्त वाहन का फिटनेस फेल था फिर भी उस वाहन को लेकर पुलिसकर्मी आरोपी को पकड़ने क्यों गए? जब वाहन के दस्तावेज चेक करने वाले पुलिसकर्मी खुद जाने वाली वाहन का दस्तावेज चेक करना भूल गए? तो यह लापरवाही नहीं तो और क्या है?

ज्ञात हो की मनेंद्रगढ़ पुलिस टीम का वाहन मध्यप्रदेश के भेड़ाघाट के समीप दुर्घटनाग्रस्त होने मामले में नई बात सामने आ रही है, वाहन जिस समय दुर्घटनाग्रस्त उस समय वाहन में थाना प्रभारी व प्रधान आरक्षक जो स्वयं भी रवानगी डालकर मध्यप्रदेश रवाना हुए थे एक अपराधी को पकड़ने मौजूद नहीं थे और वह अन्य वाहन से सफर कर रहे थे ऐसा सूत्र बता रहें हैं। जो वाहन दुर्घटनाग्रस्त हुई उसमें दुर्घटना के समय सहायक उप निरीक्षक, दो आरक्षक आरोपी व वाहन चालक ही मौजूद था ऐसा सूत्रों का दावा है। वहीं जिस आरोपी को पकड़ने मनेंद्रगढ़ पुलिस थाने की पूरी की पूरी टीम मतलब अधिकांश पुलिसकर्मी मध्यप्रदेश गए हुए थे वह दिव्यांग है और उसको पकड़ने पूरा पुलिस थाना खाली करके जाना वह भी तब जब पुलिस महानिरीक्षक का मनेंद्रगढ़ पुलिस थाना क्षेत्र में ही पहला दौरा हो सवाल खड़ा करने वाला मामला लगता है और इस ओर इशारा करता है कि पुलिस महानिरीक्षक के गुस्से से जो मनेंद्रगढ़ पुलिस थाने की कार्यप्रणाली को लेकर थी जो अवैध कारोबार को संरक्षण देने के मामले से जुड़ी हुई थी से बचने के लिए ऐसा किया गया और पूरा का पूरा पुलिस थाना मध्यप्रदेश रवाना हो गया एक दिव्यांग आरोपी को पकड़ने। आरोपी को पकड़ कर लाते समय वाहन दुर्घटना का शिकार हो गया और ड्राइवर को झपकी आना इसकी वजह बताई जा रही है जिसके कारण दुर्घटना घटी।


दिव्यांग आरोपी को पकड़ने पूरा पुलिस थाना खाली छोड़कर जाना कितना उचित,क्या पुलिस महानिरीक्षक के आगमन की वजह से किया गया ऐसा ?

दिव्यांग आरोपी को पकड़ने थाना प्रभारी,सहायक उप निरीक्षक,प्रधान आरक्षक सहित दो आरक्षक गए थे मध्यप्रदेश

- अंतरराज्यीय किसी गिरोह को पकड़ने भी पूरे पुलिस थाने की टीम नहीं जाती कहीं
- मामला मनेंद्रगढ़ पुलिस टीम के वाहन दुर्घटना व ड्राइवर की मौत व सहायक उप निरीक्षक के गंभीर रूप से घायल होने से जुड़ा हुआ
- दो रात से ड्राइवर नहीं सो पाया था इसलिए ड्राइवर को आई झपकी,गाड़ी पलटी हुई मौत:सूत्र
- ड्राइवर की मौत व सहायक उप निरीक्षक के गंभीर रूप से घायल होने मामले में किसकी लापरवाही ?
- पूरे मामले में उच्च अधिकारियों की जांच है जरूरी,थाना प्रभारी सहित प्रधान आरक्षक नहीं थे दुर्घटना के समय वाहन में सवार:सूत्र
- क्या ड्राइवर को मिलेगा न्याय,पुलिस की ही तरह ड्राइवर की भी रवानगी होती है दर्ज ?
- ड्राइवर के परिवार का कहना मिले सरकारी सुविधा,उन्हें मिले न्याय

पुलिस के साथ अपराधी पकड़ने गए ड्राइवर को क्या जान गवानें पर मिलेगा पुलिस सम्मान ?

मृतक ड्राइवर के परिजन मांग रहें हैं न्याय,पुलिस सेवा की तरह ही सुविधा

मृतक ड्राइवर के परिजनों को क्या मिलेगी सरकारी सुविधा, क्या मिलेगा पुलिस सम्मान?

राकेश कुर्रे एसडीओपी मनेंद्रगढ़

ड्राइवर दो रातों से सोया नहीं था,आई झपकी,गाड़ी पलटी

### लापरवाही ही पर एक नजर

**लापरवाही नंबर 1** बिना फिटनेस वाहन लेकर पुलिस को आरोपी पकड़ने की क्या पड़ी थी जरूरत?

**लापरवाही नंबर 2** 6 कर्मचारियों के साथ एक दिव्यांग को पकड़ने जाना कितना था उचित है?

**लापरवाही नंबर 3** आरोपी को पकड़ने पुलिस ट्रेन से नहीं जा सकती थी क्या किराए के वाहन से ही पकड़ में आता है आरोपी?

**लापरवाही नंबर 4** बिना फिटनेस वाली वाहन में जिस चालक की हुई मौत यदि बीमा कंपनी नहीं दी क्षतिपूर्ति तो क्या विभाग देगा क्षतिपूर्ति?

**लापरवाही नंबर 5** क्या पुलिस की इस लापरवाही के लिए उच्च अधिकारी करेंगे पुलिसकर्मियों पर कार्यवाही?

### क्या थाना प्रभारी ने सहानुभूति के लिए सोशल मीडिया पर खुद के गंभीर होने की अफवाह फैलवाई थी ?

सवाल यह उठता है की क्या सच मे मनेंद्रगढ़ पुलिस थाना प्रभारी व एक प्रधान आरक्षक उस समय वाहन में मौजूद थे जिस समय मनेंद्रगढ़ पुलिस टीम की वह वाहन दुर्घटनाग्रस्त हुई मध्यप्रदेश में जिसमे आरोपी को पकड़कर लाया जा रहा था वहीं सवाल यह भी उठ रहा है कि वाहन में यदि दोनों थे भी और उन्हें मामूली चोटें आई तो क्यों उन्होने सोशल मीडिया पर अपनी ही गंभीर स्थिति की खबर फैलवाई,क्या थाना प्रभारी सहानुभूति जुटाने की फिराक में ऐसा कर रहे थे यह भी सवाल उठ रहा है?

### सहानुभूति तो वाहन चालक को मिलनी चाहिए

पूरे मामले में सहानुभूति यदि किसी को मिलनी चाहिए तो वह वाहन चालक को और उसके परिजनों को वाहन चालक ने जहां अपनी जान गवां दी वहीं उसके परिजनों ने घर चलाने वाले एक घर के आधार को खोया है।

### मृतक ड्राइवर के परिजन मांग रहें हैं न्याय,पुलिस सेवा की तरह ही सुविधा

ड्राइवर जो पुलिस टीम के साथ आरोपी पकड़ने जाते हैं उनकी भी रवानगी दर्ज होती है ऐसा बताया जा रहा है,मनेंद्रगढ़ पुलिस टीम के वाहन दुर्घटना मामले में जिस ड्राइवर की मौत हुई है उसके परिजन अब न्याय की गुहार लगा रहें हैं। परिजनों की मांग है कि ड्राइवर की मौत पुलिस के साथ आरोपी पकड़ने जाने के दौरान दुर्घटना की वजह से हुई ऐसे में ड्राइवर के कार्य को पुलिस सेवा की ही तरह मानकर मामले में उनके साथ न्याय हो और उन्हें वह सुविधा प्रदान की जाए जो पुलिस सेवा के दौरान हुए किसी दुर्घटना मामले में पुलिसकर्मियों के परिजनों को दी जाती है।

### पुलिस के लापरवाही से जुड़े सवाल

**सवाल:** जो थाना प्रभारी वाहन की जांच करते है, क्या वह जिस वाहन में आरोपी पकड़ने जा रहे थे उस वाहन का दस्तावेज जांच करना उचित नहीं समझा?

**सवाल:** बिना फिटनेस की वाहन से अन्य राज्य तक आरोपी पकड़ने जाना क्या सही?

**सवाल:** क्या बिना फिटनेस वाले वाहन से मनेंद्रगढ़ पुलिस टीम कर रही थी मध्यप्रदेश में आरोपी की तलाश?

**सवाल:** क्या बिना फिटनेस वाले वाहन का बीमा कंपनी देगी हर्जाना, क्या ड्राइवर के परिजनों को भी मिलेगी क्षतिपूर्ति?

**सवाल:** बीमा कंपनी ने यदि फिटनेश के अभाव में नहीं दिया हर्जाना,वाहन मालिक सहित ड्राइवर के परिजनों का कौन बनेगा सहारा?

**सवाल:** बीमा कंपनी से बीमा क्षतिपूर्ति नहीं मिलने की स्थिति में क्या मनेंद्रगढ़ पुलिस देगी ड्राइवर के परिजनों को क्षतिपूर्ति?

**सवाल:** पुलिस की ही तरह आरोपी पकड़ने जाने वाली वाहन के ड्राइवर की भी होती है रवानगी दर्ज? क्या इस मामले में भी ड्राइवर की रवानगी हुई है दर्ज?

**सवाल:** ड्राइवर की पुलिस के साथ आरोपी पकड़कर लाने के दौरान गाड़ी पलटने से हुई मौत,क्या ड्राइवर को मिलेगा पुलिस सम्मान?

**सवाल:** क्या ड्राइवर के परिवार के आश्रित सदस्य को मिलेगी पुलिस विभाग की तरफ से नौकरी या अन्य लाभ,परिजनों की न्याय की गुहार?

**सवाल:** बिना फिटनेस वाली वाहन लेकर पुलिस वाले गए थे आरोपी पकड़ने, वाहन हुई दुर्घटनाग्रस्त, चालक की हुई मौत, बीमा कंपनी देगी क्षतिपूर्ति राशि?

**सवाल:** आरोपी पकड़ने में पुलिस की दिखी कई लापरवाही पर क्या होगी जांच?

## आंगनवाडी कर्मचारी अपनी मांगो के लेकर अनिश्चित कालीन आन्दोलन जाने को विवश

**- संवाददाता -**
**कोरिया 6 दिसम्बर 2022 (घटती-घटना)।**

अखिल भारतीय आंगनवाडी कर्मचारी महासंघ बीएमएस से सम्बद्ध आंगनवाड़ी कार्यकर्ता सहायिका संघ छग की दो दिवसीय प्रदेश कार्यसमिति की बैठक व अभ्यास वर्ग में आगनबाडी कार्यकर्ताओं व सहायिकाओं की लंबित मांगो को लेकर राज्य सरकार के रवैये पर आक्रोश व्यक्त करते हुवें आगामी 14 दिसम्बर से प्रदेश भर में अनिश्चित कालीन आन्दोलन पर जाने का निर्णय लिया गया।

प्रदेश कार्यसमिति की बैठक के निर्णय की जानकारी प्रेस को जारी करते हुने प्रदेश अध्यक्ष गुरमीन गौर महामंत्री संतोषी राजवाडे व संगठन की मिडिया प्रभारी सयुक्त महामंत्री अंजनी पटेल ने बताया की पिछले 4 वर्षो से आंगनबाड़ी बहने सरकार के चुनाव घोषणा पत्र के अनुरूप न्यूतम वेतन देने की मांग को लेकर आन्दोलनरत है किन्तु यह अत्यंत खेद का विषय है कि सरकार चुनाव जितने के लिए तो कार्यकर्ताओं को न्यूनतम वेतन देने का वादा किया लेकिन चुनाव जीतकर सरकार बनाने के बाद इस वायदे गंभीरता से नही लिया जा रहा है दूसरी तरफ प्रदेश भर की बहने लगातार इन मांगों को लेकर आन्दोलनरत है बावजूद इसके सरकार के कान में जू तक नहीं रेंग रही है। इस वजह से विवश होकर बहनों को अनिश्चित कालीन आन्दोलन करने का निर्णय लेने को मजबूर होना पड़ रहा है। आंगनवाडी कर्मचारी नेताओ ने आन्दोलन की विस्तृत रूप रेखा जारी करते हुए बताया की उनका अनिश्चित कालीन आन्दोलन 14 दिसम्बर 2022 से सभी जिला मुख्यालाओं में प्रारंभ हो जायेगा इस दिन से जिलो में धरना प्रदर्शन कर सरकार को ज्ञापन भेजा जायेगा जो 20 दिसम्बर तक जिला मुख्यालाओं में आन्दोलन चलेगा इसके पश्चात् 21 दिसंबर से राजधानी रायपुर में अनिश्चित कालीन आन्दोलन आगे बढ़ाया जायेगा। बैठक में प्रमुख रूप से आंगनवाडी कर्मचारी महासंघ की राष्ट्रीय मंत्री आयशा खान कर्मचारी अध्यक्ष सुमनमति केराम प्रदेश कोषाध्यक्ष चंदा राजवाडे, फुलाशी एक्का, स्थानपति, शशी सिंह, करम खलखो, परमिला तिर्की, पुष्पा भगत, दिलेश्वरी, प्रियंका दास, गायत्री, शकुन्तला पटेल, ज्योति नगोरिया, बिंदिया, मीना सोनी, चंपा पैकरा, निराशी, कुमारी बाई पटेल, टिकेश्वरी, प्रतिभा, लक्ष्मनिया, बिमला, सुनीता, नेमकुवर, प्रियंका मानिकपुरी, पुष्पा भगत, मनवासिया, मनीषा नेताम, सुनीता साहू, गायत्री कोसरिया, जागेश्वरी ठाकुर, लीला बाई, अर्पणा टोप्पो, निर्मला पैकरा, लक्ष्मी मानिकपुरी, सोनिया मराठी, गौरीदेवी, रेणु गुप्ता, संहित अन्य प्रमुख कार्यकर्ता व सहायिका उपस्थित थे।

### बैठक में सरगुजा के भाई अशोक दुबे को प्रभारी का मिला दायित्व-

बैठक में भारतीय मजदुर संघ की प्रदेश अध्यक्ष शोभा सिंह देव क्षेत्रीय संगठन मंत्री धरम दास शुक्ला प्रदेश संगठन मंत्री योगेशदत्त मिश्रा, वरिष्ट नेता राधेश्याम जायसवाल जी का भी मार्गदर्शन प्राप्त हुआ, अभ्यास वर्ग में जंहा प्रदेश भर से आये प्रमुख कार्यकताओं को संगठन की बारीकियों से अवगत कराया गया वही बैठक में आन्दोलन को सफल करने संगठन विस्तार पर भी निर्णय लिए गये। बैठक में सरगुजा के भाई अशोक दुबे को प्रभारी का दायित्व भी दिया गया।

## एनएसयूआई ने भारत जोड़ों यात्रा के लिए चलाया हस्ताक्षर अभियान

**अंबिकापुर, 06 दिसम्बर 2022 (घटती-घटना)।**

एनएसयूआई द्वारा छात्रों के 6 बिंदुओं की मांगों को लेकर जिले भर में चलाया गया हस्ताक्षर अभियान भारत जोड़ों यात्रा में छात्रों के लिए बेहतर रोजगार के लिए ,प्लेसमेंट सेल गठित करने,महाविद्यालय में कैंटीन, पारदर्शी व्यवसायिक परीक्षा करवाने आदि मांगों को लेकर प्रदेश भर में हस्ताक्षर अभियान राष्ट्रीय अध्यक्ष नीरज कुंदन प्रदेश प्रभारी विशाल चौधरी प्रदेश अध्यक्ष नीरज पांडे के निर्देश पर किया जा रहा है। इसी कड़ी में मंगलवार को सरगुजा जिला में प्रदेश महासचिव हिमांशु जायसवाल के मार्गदर्शन में हस्ताक्षर अभियान राजीव गांधी पीजी कॉलेज, शासकीय विज्ञान महाविद्यालय ,एवं




राजमोहिनी देवी कन्या महाविद्यालय अंबिकापुर सरगुजा में चलाया गया एवं छात्रों से समर्थन मांगा जिसमें छात्र ने बढ़-चढ़कर अपना समर्थन हस्ताक्षर करके दिया प्रदेश महासचिव हिमांशु जायसवाल ने बताया कि हमारे नेता राहुल गांधी जी के भारत जोड़ो यात्रा की जा रही है जिसमें हर वर्ग के लोगों की बात सुन रहे हैं और सरकार तक पहुंचा भी रहे हैं इस यात्रा में छात्रों के लिए भी हम 6 बिंदुओं को लेकर के छात्रों के बीच जा रहे हैं उनसे समर्थन मांग रहे हैं जिसमें छात्र ने इस यात्रा का समर्थन भी किया और इन बिंदुओं को सराहा भी हस्ताक्षर अभियान में ,पूर्व छात्रसंघ अध्यक्ष आशीष जायसवाल,सुरेंद्र गुप्ता, अभिषेक सोनी, अभिषेक गुप्ता, ज्ञान तिवारी, आयुष गुप्ता, प्रमोद, निक्की, श्रृष्टि ,सोनम,आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# तेज रफ्तार कार ने दो बाइक को मारी टक्कर, एक युवक की मौत,तीन घायल,चालक गिरफ्तार

- संवाददाता -
कोरबा , 06 दिसम्बर 2022
(घटती-घटना)।

सड़क हादसों पर नियंत्रण के लिए चलाए जा रहे अभियान के मध्य छुरी-दर्री मार्ग पर पिछली रात हिट एंड रन की घटना में जहां एक बाइक सवार की मौत हो गई वहीं दो अन्य घायल हुए हैं। कार चालक ने तेज रफ्तार कार से गलत साइड में जाकर दुर्घटना को अंजाम दिया। स्थानीय लोगों ने राहगीरों की मदद से आरोपी को पकड़कर पुलिस के हवाले किया। वाहन चलाते समय यातायात नियमों का पालन करने और ओवर स्पीड वाहन नहीं चलाने की तमाम समझाइश और जागरूकता के बाद भी अनेक वाहन चालक इससे परहेज कर रहे हैं। तेज रफ्तार के कारण आए दिन हादसे घटित हो रहे हैं। इसी क्रम में छुरी-दर्री मार्ग पर 10 बजे तेज रफ्तार अल्टो कार क्र. सीजी-22-9265 के लापरवाह चालक सत्य प्रकाश नायक ने हादसों को अंजाम दिया। ग्राम छुरी निवासी एवं कक्षा 12वीं में कॉमर्स का छात्र चंदन देवांगन 04 दिसंबर की रात अपने दोस्त सुमन कुमार केंवट पिता श्याम सुंदर 21 वर्ष निवासी ग्राम सलोरा के साथ सुमन की बजाज पल्सर मोटर सायकल क्रमांक सीजी-12 एएन 4076 में छुरी से एनटीपीसी अपने दोस्त के घर जा रहा था। इस दौरान चंदन मोटरसाइकिल चला रहा था। छुरी सब स्टेशन के पास दर्री की ओर से आ रही अल्टो कार के चालक ने तेज रफ्तार से गलत साइड में आकर मोटरसाइकिल को टक्कर मार दिया। हादसे में चंदन और सुमन सड़क किनारे गड्ढे में गिर पड़े। उनके सिर व चेहरे तथा कान के पास चोटें आई। दुर्घटना के बाद कार चालक भागने की फिराक में गलत साइड में ही कार चलाते हुए कटघोरा की ओर से आ रहे एक अन्य बाइक क्रमांक सीजी-12 बीएफ 3344 में सवार दो लोगों को टक्कर मार दिया। इसके साथ ही कार का पहिया फट गया और चालक भाग नहीं सका। आसपास के लोगों ने कार चालक सत्य प्रकाश को भागने से पहले धर दबोचा। डायल 112 को दुर्घटना की सूचना दी गई, टीम ने चारों घायलों को कटघोरा के अस्पताल पहुंचाया जहां घायल लक्ष्मी पटेल पिता स्व. वेदराम पटेल 47 वर्ष निवासी सर्वमंगला रोड पटेल पारा थाना कोतवाली की मौत हो गई। संतोष पैकरा पिता गोपी राम 39 वर्ष निवासी बालको को कई जगह चोट लगी है। चंदन देवांगन और सुमन केंवट को प्राथमिक उपचार के बाद छुट्टी दे दी गई। कटघोरा टीआई निरीक्षक अश्विनी राठौर ने बताया कि पुलिस ने चंदन की रिपोर्ट पर अल्टो कार के चालक सत्य प्रकाश नायक के विरुद्ध धारा 279, 337, 304 ए भादवि के तहत जुर्म दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार करते हुए दुर्घटना कारित कार व क्षतिग्रस्त बाइकों को जब्त किया है।






## प्रदेश के मुखिया की अनूठी पहल समस्त शासकीय भवनों व कार्यालयों में लगेगी छत्तीसगढ़ महतारी की चित्रः सौरव

» जिले के समस्त शासकीय भवनों और कार्यालयों में लगेगी छत्तीसगढ़ महतारी की चित्र।

» राज्य सरकार के आदेश का हो पालन, जिला प्रवक्ता ने कलेक्टर से की मुलाकात।

- संवाददाता -
मनेंद्रगढ़ 6 दिसम्बर 2022
(घटती-घटना)।

प्रदेश में कांग्रेस की सरकार बनते ही स्थानीय वेशभूषा, खानपान, तीज, त्यौहार, संस्कृति एवं परंपरा को मजबूत करने का कार्य किया जा रहा है ताकि ना केवल प्रदेश की संस्कृति को जीवित रखा जा सके बल्कि उसे बढ़ाया भी जा सके। इसी दिशा में छत्तीसगढ़ के गौरवशाली इतिहास को पूरे प्रदेश में स्मरण कराने के लिए प्रदेश सरकार ने प्रदेश के सभी शासकीय भवनों एवं कार्यालयों के साथ साथ सभी आयोजनों में छत्तीसगढ़ महतारी के चित्र अनिवार्य रूप से लगाने के भी निर्देश दिए हैं।

जिला प्रवक्ता सौरव मिश्रा ने नवगढ़ित जिले मनेंद्रगढ़ चिरमिरी भरतपुर के कलेक्टर पी एस ध्रुव से मुलाकत कर ज्ञापन सौंपते हुए, जिले के समस्त शासकीय भवनों और कार्यालयों में छत्तीसगढ़ महतारी की चित्र अनिवार्य रूप से लगाने के लिए निर्देशित करने का आग्रह किया है। जिला प्रवक्ता ने बताता कि 28 जून को राज्य सरकार ने आदेश जारी कर कहा था कि प्रदेश के समस्त शासकीय भवनों और कार्यालयों में छत्तीसगढ़ महतारी की चित्र अनिवार्य रूप से लगाया जाएं साथ ही सभी शासकीय आयोजनों में भी छत्तीसगढ़ महतारी के चित्र को लगाया जाएं परंतु 6 महीने से भी अधिक समय गुजर जाने के बाद भी नवगढ़ित जिले के अधिकांश शासकीय भवनों एवं कार्यालयों में छत्तीसगढ़ महतारी की छाया चित्र नहीं लगाई गई है। जो की राज्य सरकार के नियमों की अवहेलना करने के साथ ही छत्तीसगढ़ के गौरवशाली इतिहास को प्रदेश के आम जनों में पहुंचने में रोकने जैसा है। जिला प्रवक्ता मिश्रा ने बताया कि मिश्रा ने बताया कि कलेक्टर सर ने बड़ी गंभीरता से इस मुद्दे को लेते हुए जिले के समस्त विभागों को टी एल मीटिंग में निर्देशित करने की बात कही है, ज्ञापन सौंपने के दौरान युवा कांग्रेस मनेंद्रगढ़ विधानसभा अध्यक्ष मनोज शर्मा सहित कृषि उपज मंडी के उपाध्यक्ष गुरुदेव पांडेय उपस्थित रहें।

# एनटीपीसी के राखड़ डैम ने ग्रामीणों का जीना किया दुश्वार,ग्रामीण हो रहे परेशान

- संवाददाता -
कोरबा , 06 दिसम्बर 2022
(घटती-घटना)।

कोरबा के ग्राम धनरास स्थित एनटीपीसी के राखड़ डैम ने ग्रामीणों का जीना दुश्वार कर रखा है। नियमों की धज्जियां उड़ाते हुए कंपनी धनरास गांव के राखड़ डैम में राख डंप कर रही है। व्यापक इंतजाम तो दूर राख में पानी का छिड़काव तक नहीं हो रहा है, जिससे जहरीला राख उड़कर आसमान में बादल का रूप ले रहे हैं। सर्द मौसम में हल्की हवा चलते ही आस पास के दर्जन भर गांव में राख की आंधी से पट जा रहे है। जिससे यहां के ग्रामीण बेहद परेशान हैं, हालात यह हैं कि ग्रामीण सर्दी के मौसम में आंगन में खाना नहीं बना पाते। उनकी त्वचा में खुजली का प्रकोप है,जिससे ग्रामीणों में एनटीपीसी प्रबंधन के खिलाफ नाराज़गी देखी जा सकती है। एनटीपीसी के राखड़ डैम से दर्जन भर गांव राखड़ से प्रभावित हो रहे हैं ढ्ढ धनरास एनटीपीसी पावर प्लांट के राखड़ डैम में हवा चलने पर आसमान में राख का गुबार दिखाई दिया। पानी का छिड़काव नहीं होने से राख उड़कर आसमान में बादल का आकार ले रहे हैं। जिससे आसपास के लगभग दर्जनभर गांव प्रभावित हैं। सभी स्थानों पर जहरीले राख की बारिश हो रही है। गांव धनरास के साथ ही साथ जाटांगपुर, छूरीखुर्द, गांगपुर, झोरा, सलोरा, बिशनपुर, बरेड़ीमुड़ा, चोरभट्टी और नवागांव कला जैसे गांव रखाड़ डैम से उड़ने वाली राख से परेशान हैं।



2600 मेगावाट बिजली उत्पादन क्षमता वाली एनटीपीसी की कोरबा परियोजना लगातार उत्पादन से लेकर ईंधन की बचत और अन्य मामलों में रिकार्ड बना रही है। इसी के साथ राखड़ की समस्या के कारण एनटीपीसी का नाम कोरबा और छत्तीसगढ़ के साथ-साथ देश में रौशन हो रहा है। कंपनी ने लोतलोता और धनरास में संयंत्र से निकलने वाली राख को संग्रहित करने के लिए फ्लाई ऐश बांध बनाया है। कई मौकों पर इनका विस्तार किया गया और रेजिंग भी बढ़ाई गई है। इन सबके बावजूद अलग-अलग कारणों से पाइपलाइन के जरिये यहां तक आने वाली राख ऊपरी हिस्से से उड़ते हुए पर्यावरण को बुरी तरह से प्रभावित करने का कारण बनी हुई है। हालांकि पर्यावरण प्रबंधन के मामले में कंपनी जिस तरह के दावे कर रही है, ऐसा होता नजर नहीं आ रहा है। ग्रीन बेल्ट के नाम पर कंपनी आखिर किस तरह से मैनेजमेंट और खर्च कर रहा है, यह लोगों के समझ से परे है। ये बात अलग है कि सामुदायिक विकास के बहाने एनटीपीसी लोगों से करीब होने का प्रदर्शन तो करती है, लेकिन इधर राखड़ से लोगों के स्वास्थ्य पर जो बुरा असर पड़ रहा है वह भी सोचने का विषय है। प्रबंधन ने इस समस्या के समाधान की दिशा में अब तक कोई पहल कि है वह नजर नहीं आ रहा है।

# सुरेंद्र साहू को यूनिसेफ ने किया सम्मानित



- संवाददाता -
लखनपुर , 06 दिसम्बर 2022
(घटती-घटना)।

लखनपुर सरगुजा -यूनिसेफ एवं छत्तीसगढ़ बाल अधिकार वेधशाला (ष्टष्टक्रह्र),एम एसएसवीपी द्वारा संचालित विश्व बाल दिवस अभियान 2022 में छत्तीसगढ़ शबरी सेवा संस्थान लखनपुर जिला सरगुजा द्वारा सरगुजा जिले के लखनपुर विकास खण्ड में किए गए उत्कृष्ट कार्य हेतु शायाजी होटल रायपुर दिनांक 5 दिसंबर 2022 को छत्तीसगढ़ के यूनिसेफ प्रमुख जाब जकारिया के द्वारा सुरेन्द्र साहू को सम्मानित किया गया।छत्तीसगढ़ शबरी सेवा संस्थान के माध्यम से सुरेन्द्र साहू द्वारा बाल अधिकार,मानव व्यापार,बाल दुर्व्यवहार के खिलाफ लगातार 30 वर्षों कार्य किया जा रहा है। इसके पुर्व छत्तीसगढ़ शासन के महिला और बाल विकास विभाग द्वारा बाल गौरव सम्मान से सम्मानित किया गया था। उल्लेखनीय है कि सुरेन्द्र साहू कैलाश सत्यार्थी फाउंडेशन के साथ मिलकर मानव व्यापार के विरुद्ध लगातार छत्तीसगढ़ में कार्य कर रहे हैं। साथ ही सुरेन्द्र साहू द्वारा नशामुक्ति जागरूकता अभियान, महिला अधिकार, घरेलू हिंसा से पिडित महिलाओं को निशुल्क परामर्श, वृद्धजनों को निशुल्क कानूनी सहायता सहित कई अन्य सामाजिक कार्य भी लगातार किया जा रहा है। सुरेन्द्र साहू को पुर्व में भी अनेक सामाजिक संगठनों ने पुरूष्कृत किया है। सुरेन्द्र साहू को युनिसेफ द्वारा पुरस्कृत किए जाने पर अनेक लोगों ने सुरेन्द्र साहू को बधाई दिया है।

# अवैध रूप से अपने मकान की बाड़ी में मादक पदार्थ गांजा के पेड़ लगाने वाला आरोपित गिरफ्तार

- संवाददाता -
कोरबा , 06 दिसम्बर 2022
(घटती-घटना)।

पुलिस अधीक्षक कोरबा संतोष सिंह , अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कोरबा अभिषेक वर्मा , नगर पुलिस अधीक्षक दर्री रॉबिंसन गुड़िया द्वारा निजात अभियान के तहत गांजा एवं अवैध शराब पर प्रभावी कार्यवाही करने निर्देशित किया गया है। वरिष्ठ अधिकारियों के मार्गदर्शन में चौकी हरदीबाजार क्षेत्र में अवैध गतिविधियों में संलिप्त व्यक्तियों पर लगातार कार्यवाही की जा रही है। इसी तारतम्य में आज मुखबीर से सूचना प्राप्त हुई कि ग्राम रेंकी में झूना राम पटेल नामक व्यक्ति अपने घर की बाड़ी में गांजा विक्रय हेतु गांजे का पेड़ लगाकर रखा है। उक्त मुखबीर सूचना की तस्दीक हेतु हमराह स्टॉफ एवं गवाहों के झूनाराम पटेल के मकान में रेड कार्यवाही करने पर झूना राम पटेल पिता रंजन पटेल उम्र 55 वर्ष साकिन सलिहा पारा रेंकी चौकी हरदीबाजार थाना कुसमुण्डा के मकान की बाड़ी से मादक पदार्थ गांजा के तीन नग हरे भरे पेड़ जिनकी लम्बाई क्रमशः 13 फीट, 09 फीट व 8.5 फीट है को बरामद कर समक्ष गवाहान जप्त कर कब्जा पुलिस लिया गया जिससे आरोपी का कृत्य धारा सदर का अपराध घटित करना सबूत पाये जाने से आरोपी को आज 12:30 बजे विधिवत गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय के आदेशानुसार न्यायिक रिमाण्ड पर भेजा गया है। आरोपी–झूना राम पटेल पिता रंजन पटेल उम्र 55 वर्ष साकिन सलिहा पारा रेंकी चौकी हरदीबाजार थाना कुसमुण्डा जिला कोरबा । उपरोक्त कार्यवाही में उप निरीक्षक मयंक मिश्रा चौकी प्रभारी हरदीबाजार, सउनि. विजय सिंह, प्रआर. 351 ओमप्रकाष बैस, आरक्षक संजय चन्द्रा, कमल कैवर्त, प्रवीण राजवाड़े, गौकरण श्याम, गौतम पटेल की महत्वपूर्ण भूमिका रही।



# राजस्व मंत्री ने श्वेता नर्सिंग होम का उद्घाटन कर संचालकों को दी शुभकामनाएं



- संवाददाता -
कोरबा , 06 दिसम्बर 2022
(घटती-घटना)।

अत्याधुनिक चिकित्सा सुविधाओं के साथ प्रारंभ होने जा रहे श्वेता नर्सिंग होम का शुभारंभ छत्तीसगढ़ के राजस्व मंत्री श्री जयसिंह अग्रवाल ने मंगलवार को किया। उन्होंने इस अवसर पर श्वेता नर्सिंग होम के डायरेक्टर डॉ. बी डी अग्रवाल, डॉ. प्रिंस जैन एवं संचालकों को अपनी शुभकामनाएं देते हुए कहा कि कोरबा शहर वासियों की चिकित्सा संबंधी बड़ी जरूरत पूरी हुई है। कोरबा शहर के भीतर एक ऐसे मल्टीस्पेशलिटी अस्पताल की जरूरत महसूस की जा रही थी। आपातकालीन परिस्थितियों में मरीजों को शहर से दूर जाना पड़ता है लेकिन अब शहर के भीतर मल्टी स्पेशलिटी अस्पताल की सुविधा प्रारंभ हो जाने से कोरबा शहर, पुरानी बस्ती, सीतामढ़ी से लेकर कुसमुंडा, बांकीमोंगरा दीपका और अन्य क्षेत्र से आने वाले लोगों को राहत मिलेगी। डॉ. बी डी अग्रवाल जाना-पहचाना नाम है और उन्होंने चिकित्सा जगत में लगभग 40 साल की लंबी सेवा दी है, उनके व युवा चिकित्सक डॉ प्रिंस जैन समेत उनकी पूरी टीम के चिकित्सा अनुभव का लाभ शहर व जिला वासियों को मिलेगा। महापौर श्री राजकिशोर प्रसाद ने कहा कि कोरबा शहर के भीतर मल्टी स्पेशलिटी अस्पताल प्रारंभ होना क्षेत्रवासियों के लिए चिकित्सा सुविधा के क्षेत्र में बड़ी सौगात है। उन्होंने अस्पताल के संचालकों की इस बात पर खुशी व्यक्त की कि गरीबों ढ्ढ इससे पहले अस्पताल का उदघाटन अवसर पर पहुंचे राजस्व मंत्री श्री जयसिंह अग्रवाल, महापौर श्री राज किशोर प्रसाद, सभापति श्री श्यामसुंदर सोनी, वार्ड के पार्षद श्री दिनेश सोनी का पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत किया गया। राजस्व मंत्री महापौर व अन्य अतिथियों ने अस्पताल का भ्रमण कर यहां दी जाने वाली सुविधाओं और व्यवस्थाओं के बारे में जानकारी ली। उन्हें बताया गया कि यहां आईसीयू, मेटरनिटी वार्ड, मॉड्यूलर ऑपरेशन थियेटर, सोनोग्राफी, एक्स-रे, लैब, 24 घंटे संचालित फार्मेसी सहित 50 बिस्तरों की सुविधा भी उपलब्ध होगी। इस अवसर पर श्वेता नर्सिंग होम के डायरेक्टर डॉ. बी डी अग्रवाल व डॉ. प्रिंस जैन, डॉ. आकांक्षा जैन, डॉ. प्रदीप जैन, श्रीमती हेमलता अग्रवाल, बृजेश अग्रवाल, अंजली अग्रवाल, मुकेश अग्रवाल, डॉ.निखिल जैन, डॉ. आनंद थवाईत,डॉ. प्रदीप त्रिपाठी, डॉ. कल्पना अहिरवाल, डॉ. मानस नायक, डॉ. शेफाली जैन, डॉ. लता केंवट सहित नगर के गणमान्य जन, चिकित्सक गण आदि भी उपस्थित रहे।

## भाजपा अनुसूचित जनजाति मोर्चा और भाजपा युवा मोर्चा ने सीएम का फूंका पुतला

- संवाददाता -
अंबिकापुर, 06 दिसम्बर 2022 (घटती-घटना)।



भाजपा अनुसूचित जनजाति मोर्चा और भाजपा युवा मोर्चा द्वारा अंबिकापुर के घड़ी चौक पर प्रदेश की कांग्रेस सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी करते हुए मुख्यमंत्री भूपेश बघेल का पुतला दहन किया है। भाजपा अनुसूचित जनजाति मोर्चा के पदाधिकारियों ने बताया कि छत्तीसगढ़ की कांग्रेस सरकार झारखंड पुलिस के साथ मिलकर भानुप्रतापपुर के प्रत्याशी ब्रह्मानंद नेताम की षडयंत्र पूर्वक छवि खराब करने का आरोप प्रदेश सरकार पर लगाया है। भानुप्रतापपुर के प्रत्याशी ब्रह्मानंद के अपमान को समस्त आदिवासियों का अपमान बताते हुए भाजपा अनुसूचित जनजाति मोर्चा व भाजपा युवा मोर्चा द्वारा गांधी चौक पर प्रदेश सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी करते हुए प्रदेश सरकार का पुतला दहन किया है। वहीं पुतला दहन के दौरान काफी संख्या में पुलिस बल भी मौजूद रहे। पुतला दहन को लेकर पुलिस और भाजपा कार्यकर्ताओं में झुमाझपटी भी हुई। पुलिस की मौजूदगी में भी भाजपा अनुसूचित जनजाति मोर्चा और भाजपा युवा मोर्चा के कार्यकर्ता पुतला दहन करने में सफल रहे।


**सरगुजा वनवृत्त के ईमारती लकड़ी/जलाऊ लकड़ी के परिवहन हेतु वर्ष 2022-23 की संक्षिप्त निविदा/नीलाम सूचना**

सर्व साधारण को सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि सरगुजा वनवृत्त अधीनस्थ कोरिया/मनेन्द्रगढ़ वनमण्डल हेतु परिवहन समूहों के कूपों से निर्धारित काष्ठागारों तक ईमारती लकड़ी/जलाऊ चट्टा ट्रक द्वारा परिवहन करने हेतु इच्छुक व्यक्तियों/फर्मो से सील बन्द निविदाएं कार्यालय मुख्य वन संरक्षक, सरगुजा वनवृत्त, अम्बिकापुर में निम्न तिथियों में आमंत्रित की जाती है :-

| अ.क्र. | निविदा/नीलाम की तिथि | निविदा प्रस्तुत करने का समय | निविदा खोलने का समय |
|---|---|---|---|
| 1. | प्रथम चक्र निविदा 12.12.2022 | अपरान्ह 1.00 बजे तक | अपरान्ह 3.00 बजे से |
| 2. | द्वितीय चक्र निविदा 15.12.2022 | तदैव | तदैव |
| 3. | तृतीय चक्र निविदा 19.12.2022 | तदैव | तदैव |
| 4. | चतुर्थ चक्र निविदा 21.12.2022 | नीलाम अपरान्ह 3.00 बजे से किया जावेगा। | |

प्राप्त निविदाएं उपस्थित निविदाकारों के समक्ष अपरान्ह 03.00 बजे से खोली जावेगी।
तृतीय दौर में अवशेष परिवहन समूहों का निवर्तन नीलाम द्वारा 03.00 बजे अपरान्ह दिनांक 21.12.2022 को किया जावेगा। नीलाम की शर्तें निविदा शर्तो की समान रहेगी। वनोपज परिवहन की अवधि 30 अप्रैल 2023 तक होगी । ठेका की अवधि 30.06.2023 तक रहेगी। निविदा निर्धारित प्रपत्र में होना चाहिए जो वरमण्डलाधिकारी कारीया/मनेन्द्रगढ़ वनमण्डल से प्रति निविदा रूपये 200/- (दो सौ रूपये) भुगतान पर प्राप्त की जा सकेगी । प्रत्येक निविदा समूह के लिए अलग/अलग सील बन्द निविदा प्रस्तुत करनी होगी। निविदा फार्म, निविदाकार का करारनमा, परिवहन समूहों की सूची तथा विस्तृत निविदा शर्तें संबंधित वनमण्डलाधिकारी के कार्यालय से कार्यालयीन दिवस में प्राप्त की जा सकती है। उपरोक्त शर्तें की पूर्ति न करने पर निविदा अवैध घोषित करने योग्य होगी।

मुख्य वन संरक्षक
सरगुजा वृत्त अम्बिकापुर

जी नंबर-96385/2



**न्यायालय नायब तहसीलदार अम्बिकापुर-2 जिला सरगुजा,(छ0ग0)**

रा0प्र0क्र0-202212021700061
/ब-121/2022-23

**ईश्तहार**

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदिका सारा तिर्की पति अब्राहम तिर्की, निवासी पावर हाउस नमनाकला अम्बिकापुर, तहसील अम्बिकापुर, जिला सरगुजा छ0ग0 द्वारा ग्राम खलिबा स्थित खसरा नंबर 912/4 रकबा 0.242 हे0 भूमि का द्वितीय प्रति ऋण प्रस्तिका जारी करने बावत् आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। उक्त संबंध में किसी व्यक्ति अथवा संस्था को कोई आपत्ति हो तो पेशी दिनांक 23/12/2022 को न्यायालय में स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से उपस्थित होकर दावा आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। समय सीमा के बाद प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।

आज दिनांक 02/12/2022 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन पदमुद्रा से जारी।

सील
नायब तहसीलदार
अम्बिकापुर-02



**न्यायालय नज़ूल अधिकारी अम्बिकापुर जिला सरगुजा,छ0ग0**

**ईश्तहार**

रा.प्र.क्र.../अ-20(3)/2022-23

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक सरदार आया सिंह आ0 स्व0 अर्जुनसिंह, जाति-सिक्ख, निवासी-दर्रीपारा, नगर अम्बिकापुर, जिला-सरगुजा, छ0ग0 के द्वारा बताया गया है कि आवेदक/विक्रेता (सरदार आया सिंह आ0 स्व0 अर्जुनसिंह, जाति-सिक्ख, निवासी-दर्रीपारा, नगर अम्बिकापुर, जिला-सरगुजा, छ0ग0) के स्वामित्व व हक की शीट क्रमांक 10, मोहल्ला-दर्रीपारा, नगर अम्बिकापुर स्थित नज़ूल प्लॉट नं0 3847/4 रकबा $0.04^{1/2}$ एकड़ भूमि स्थित है। आवेदक/विक्रेता सरदार आया सिंह आ0 स्व0 अर्जुनसिंह, निवासी दर्रीपारा नगर अम्बिकापुर, जिला-सरगुजा छ0ग0 के द्वारा उक्त आवेदित नज़ूल प्लॉट नंबर 3847/4 रकबा $0.04^{1/2}$ एकड़ में से रकबा $0.03^{1/4}$ एकड़ अनावेदक/क्रेता-शिव नारायाण प्रसाद गुप्ता आ0 स्व0 ननकू राम गुप्ता, उम्र-49 वर्ष, निवासी-पर्री तहसील-दरिमा, जिला-सरगुजा छ0ग0 को विक्रय किये जाने हेतु अनापति प्रमाण पत्र जारी करने हेतु आवेदन पत्र तथा आवेदन पत्र के समर्थन में उभय पक्ष का शपथ पत्र व मेन्टेनस की छायाप्रति प्रस्तुत किया गया है। उक्त अनापत्ति प्रमाण पत्र जारी करने पर जिस किसी व्यक्ति या संस्था को कोई दावा अथवा आपत्ति हो तो वे अपना लिखित दावा/आपत्ति स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से दिनांक 04/01/2023 तक इस न्यायालय में प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत तिथि के पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 01/12/2022 को मेरे न्यायालयीन मुद्रा एवं हस्ताक्षर से जारी किया गया।

सील
नज़ूल अधिकारी
अम्बिकापुर

# भारत के बैडमिंटन खिलाड़ी प्रणय विश्व टूर में छाप छोड़ने उतरेंगे

**नई दिल्ली,06 दिसम्बर 2022।** भाारत के स्टार बैडमिंटन खिलाड़ी एचएस प्रणय बुधवार से यहां शुरू हो रहे बीडब्ल्यूएफ विश्व टूर फाइनल्स में पहली बार हिस्सा लेते हुए दुनिया के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ियों के खिलाफ अपनी छाप छोड़ने की कोशिश करेंगे। चोट के कारण दो बार की ओलंपिक पदक विजेता पीवी सिंधू के बाहर होने के बाद प्रणय सत्रांत होने वाले इस टूर्नामेंट में भारत के एकमात्र खिलाड़ी हैं। कोविड-19 संक्रमण के मामलों में इजाफे के बाद इस टूर्नामेंट को चीन के ग्वांग्झू से स्थानांतरित किया गया है। मौजूदा सत्र में प्रदर्शन में भारतीय खिलाड़ियों के बीच सबसे अधिक निरंतरता दिखाने वाले प्रणय को ग्रुप ए में डेनमार्क के ओलंपिक चैंपियन विक्टर एक्सेलसन, जापान के कोडाई नेरोका और चीन के ल्यु गुआंग झ्रू के साथ रखा गया है

हाल में अर्जुन पुरस्कार से सम्मानित तीसरे वरीय प्रणय ने कहा, ''मैं बीडब्ल्यूएफ विश्व टूर फाइनल्स में अपने अभियान को शुरू करने को लेकर उत्सुक हूं। मैं पहली बार सत्रांत टूर्नामेंट में हिस्सा ले रहा हूं और उम्मीद करता हूं कि मैं अच्छा प्रदर्शन करूंगा।'' प्रणय की नजरें सेमीफाइनल में जगह बनाने पर टिकी हैं लेकिन अपने ग्रुप के विरोधियों के खिलाफ उनका रिकॉर्ड काफी अच्छा नहीं है। दुनिया के नंबर एक खिलाड़ी के खिलाफ उन्होंने पांच मुकाबले गंवाए और सिर्फ एक जीत दर्ज की। प्रणय का मनोबल हालांकि इस तथ्य से बढ़ेगा कि उन्होंने एक्सेलसन को इंडोनेशिया मास्टर्स में पिछले साल दोनों के बीच हुए पिछले मुकाबले में हराया था। जापान के 21 साल के नेरोका के खिलाफ प्रणय ने जुलाई में सिंगापुर ओपन के दौरान




अपना एकमात्र मुकाबला गंवाया था।

इसके अलावा चीन के ल्यु के खिलाफ भी भारतीय खिलाड़ी को फ्रेंच ओपन में एकमात्र मैच के दौरान हार का सामना करना पड़ा। बीडब्ल्यूएफ के साल में सबसे अधिक सुधार करने वाले खिलाड़ी के पुरस्कार के लिए नामित प्रणय हालांकि बड़े टूर्नामेंट में अच्छा प्रदर्शन करने के लिए जाने जाते हैं और इस साल उनका प्रदर्शन काफी अच्छा रहा है। प्रणय ने थॉमस कप में भारत की एतिहासिक खिताबी जीत में अहम भूमिका निभाई और वह स्विस ओपन सुपर 300 में उप विजेता रहने के अलावा इंडोनेशिया ओपन सुपर 1000 और मलेशिया मास्टर्स सुपर 500 स्पर्धा के सेमीफाइनल में भी पहुंचे। गत चैंपियन एक्सेलसन दुनिया के 12वें नंबर के खिलाड़ी प्रणय के ग्रूप में सबसे मजबूत खिलाड़ी हैं लेकिन वह अन्य दो प्रतिद्वंद्वियों के खिलाफ कोताही नहीं बरत सकते। एक्सेलसन ने विश्व रिकॉर्ड बनाते हुए अपने पिछले 39 मैच जीते हैं। इस दौरान उन्होंने पांच सुपर सीरीज खिताब अपने नाम किए। पुरुष वर्ग में ग्रूप बी में चाउ टिएन चेन, जोनाथन क्रिस्टी, एंथोनी गिनटिंग और लोह कीन येउ को जगह मिली है। भारत के लिए सिंधू इस प्रतिष्ठित टूर्नामेंट को जीतने वाली एकमात्र खिलाड़ी हैं जबकि समीर वर्मा 2018 में सेमीफाइनल में पहुंचे थे। महिल एकल में गत चैंपियन आन सी यंग, विश्व चैंपियन अकाने यामागुची, ओलंपिक चैंपियन चेन यूफेई और ही बिंगजाओ खिताब की प्रबल दावेदार हैं। ताइ जू यिंग और रतचानोक इंतानोन के लिए सत्र भले ही अच्छा नहीं रहा हो लेकिन ये दोनों भी खिताब जीतने में सक्षम हैं।

# टी-20 विश्व कप और एसए के खिलाफ श्रृंखला के लिए भारतीय अंडर-19 महिला टीम घोषित

**मुंबई ,06 दिसम्बर 2022।** अखिल भारतीय महिला चयन समिति ने दक्षिण अफ्रीका अंडर-19 टीम के खिलाफ आगामी द्विपक्षीय टी20 श्रृंखला और उसके बाद होने वाले आईसीसी अंडर-19 महिला विश्व कप के लिए भारतीय टीम की घोषणा कर दी है। टीम की कमान विस्फोटक सलामी बल्लेबाज शैफाली वर्मा को सौंपी गई है। श्वेता सेहरावत उप-कप्तान होंगी।

भारतीय अंडर-19 टीम दक्षिणा अफ्रीका के खिलाफ पांच मैचों की टी-20 श्रृंखला खेलेगी, जिसके मैच 27,29,31,02 और 04 जनवरी को खेले जाएंगे। इसके बाद टीम विश्व कप में हिस्सा लेगी। आईसीसी अंडर-19 महिला टी20 विश्व कप का पहला संस्करण दक्षिण अफ्रीका में 14 से 29 जनवरी, 2023 तक आयोजित किया जाएगा। इस



प्रतियोगिता में 16 टीमें हिस्सा ले रही हैं। भारत को दक्षिण अफ्रीका, संयुक्त अरब अमीरात और स्कॉटलैंड के साथ ग्रुप डी में रखा गया है। प्रत्येक समूह की शीर्ष तीन टीमें सुपर सिक्स राउंड में आगे बढ़ेंगी, जहाँ टीमों को छह के दो समूहों में रखा जाएगा।

प्रत्येक समूह की शीर्ष दो टीमें फिर सेमीफाइनल में पहुंचेंगी, जो 27 जनवरी को पोटचेफस्ट्रूम में जेबी मार्क्स ओवल में खेला जाएगा। फाइनल 29 जनवरी को इसी मैदान पर खेला जाएगा। श्वेता सहरावत (उप-कप्तान), ऋचा घोष (विकेटकीपर), जी त्रिशा, सौम्या तिवारी, सोनिया मेहदिया, हर्ले गाला, हर्षिता बसु (विकेटकीपर), सोनम यादव, मन्नत कश्यप, अर्चना देवी, पार्शवी चोपड़ा, तीता साधु, फलक नाज, शबनम एमडी, शिखा, नजला सीएमसी, यशश्री। शैफाली वर्मा (कप्तान), श्वेता सहरावत (उप-कप्तान), ऋचा घोष (विकेटकीपर), जी त्रिशा, सौम्या तिवारी, सोनिया मेहदिया, हर्ले गाला, हर्षिता बसु (विकेटकीपर) , सोनम यादव, मन्नत कश्यप, अर्चना देवी, पार्शवी चोपड़ा, तीता साधु, फलक नाज, शबनम एमडी।

## वेस्टइंडीज के खिलाफ दूसरे टेस्ट में संभावित तेज गेंदबाज लांस मॉरिस को मिल सकता है मौकाः गिलक्रिस्ट

**एडिलेड,,06 दिसम्बर 2022।** महान आस्ट्रेलियाई विकेटकीपर-बल्लेबाज एडम गिलक्रिस्ट ने कहा है कि एडिलेड में वेस्टइंडीज के खिलाफ तेज गेंदबाज लांस मॉरिस को मौका मिल सकता है, क्योंकि कप्तान पैट कमिंस के खेलने की संभावना कम है। दो टेस्ट मैचों की श्रृंखला में आस्ट्रेलिया 1-0 से आगे है। कमिंस चोट के कारण 8 दिसंबर से शुरू होने वाले एडिलेड टेस्ट के लिए संदेह के घेरे में है। क्रिकेट के व्यस्त महीने से पहले कमिंस को आराम देना भी जरूरी है।



तेज गेंदबाज पहले टेस्ट के तीसरे दिन से ही चोट के घेरे में है। चौथे और पांचवें दिन खेलने में उनकी अनुपस्थिति के कारण एडिलेड में टीम की अगुआई करने की संभावना कम होती जा रही है। हालांकि, गिलक्रिस्ट ने महसूस किया, 24 वर्षीय मॉरिस भविष्य के लिए एक प्रतिभा साबित हो सकते हैं।

एसईएन डब्ल्यूए ब्रेकफास्ट पर गिलक्रिस्ट ने कहा, ÷मुझे नहीं लगता कि कमिंस खेलेंगे (अगर वह खेलते हैं तो मुझे आश्चर्य होगा), लेकिन मुझे चयन पसंद है।÷

उन्होंने कहा, ÷मैं डब्ल्यूए स्क्वाड के कुछ खिलाड़ियों से बात कर रहा हूं और ऐसी बाते आ रही हैं जैसे वह अगले मिचेल मार्श है, इस तरह का प्रभावशाली गेंदबाज आना जरूरी है। वह अभी युवा हैं। उम्मीद है कि उन्हें किसी स्तर पर मौका मिलेगा।÷

विक्टोरियन तेज स्कॉट बोलैंड कमिंस के संभावित प्रतिस्थापन के रूप में उभर रहे हैं। वहीं, क्वींसलैंड के माइकल नेसर भी टीम में हैं।

# नेमार की चोट के बाद जोरदार वापसी

**साओ पाउलो ,06 दिसम्बर 2022।** चोट के बाद वापसी कर रहे नेमार पूरी तरह से फिट नजर आए और उनके गोल से ब्राजील ने यहां दक्षिण कोरिया को 4-1 से हराकर फीफा विश्व कप के क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई। नेमार ने चोट के बाद वापसी करते हुए कोरिया के खिलाफ पेनल्टी को गोल में बदला। इस गोल के साथ वह ब्राजील की ओर से सर्वाधिक गोल दागने के पेले के रिकॉर्ड के करीब पहुंच गए। नेमार राष्ट्रीय टीम की ओर से 76 गोल कर चुके हैं और वह पेले के रिकॉर्ड से सिर्फ एक गोल पीछे हैं। पेले अभी साओ पाउलो के अस्पताल में इलाज करा रहे हैं। नेमार के अलावा ब्राजील की ओर से अन्य गोल विनिसियस जूनियर (सातवें मिनट), रिचार्लिसन (29वें मिनट) और लुकास पेक्वेटा (36वें मिनट) ने दागे। ब्राजील की ओर से चारों गोल पहले हाफ में हुए। कोरिया की ओर से एकमात्र गोल पेक सेयुंग-हो ने 76वें मिनट में किया। नेमार ने मैच के बाद कहा, ''मैं बेहद डरा हुआ था। इस तरह की चोट के बाद वापसी करना बेहद मुश्किल होता है। मैं पूरी रात रो रहा था। मेरे परिवार को पता है कि मैं किस चीज से गुजर रहा था। लेकिन अंत में सब कुछ सही रहा। फिजियोथेरेपी कराना



सफल रहा।'' पेले सांस के संक्रमण का इलाज करा रहे हैं जो कोविड-19 के कारण अधिक बढ़ गया है।

उनकी हालत को लेकर ब्राजील और दुनिया भर के प्रशंसक चिंतित हैं। मैच के बाद नेमार इस महान फुटबॉल खिलाड़ी की तस्वीर वाला बैनर मैदान पर लाए जिस पर 'पेले' लिखा था।पूरी टीम ने इसके बाद मिडफील्ड के समीप इस बैनर के पीछे खड़े होकर तस्वीर खिंचाई। नेमार ने कहा, ''पेले जिस चीज से गुजर रहे हैं उसे देखते हुए उनके बारे में बात करना आसान नहीं है। हम उनके जल्द उबरने की कामना करते हैं।

# ब्राजील विश्व कप क्वार्टर फाइनल में पहुंचने के लिए अपनायी अपनी शैली

**दोहा ,06 दिसम्बर 2022।** पांच बार की चैम्पियन ब्राजील ने यहां दक्षिण कोरिया पर 4-1 की शानदार जीत दर्ज कर फीफा विश्व कप के क्वार्टर फाइनल में प्रवेश कर लिया। उसने पहले हाफ में ही चार गोल दाग दिये। विनीसियस जूनियर ने शानदार फिनिश के साथ ब्राजील को आगे रखा और पेनल्टी स्पॉट से नेमार ने बढ़त को दोगुना कर दिया। दक्षिण कोरिया के लिए खेलने आये स्थानापन्न खिलाड़ी पाइक सेनघो के आने से पहले रिचर्डसन और लुकास पाक्वेटा ने इस अन्तर को और बढ़ा दिया। ब्राजील शुक्रवार (9 दिसंबर) को एजुकेशन सिटी स्टेडियम में क्रोएशिया से भिड़ेगा और इस मुकाबले में सेमीफाइनल में उसकी जगह दांव पर होगी। इस मुकाबले के बाद दक्षिण कोरिया ,जो 2002 के बाद पहली बार क्वार्टर फाइनल में पहुंचने की उम्मीद कर रहा था, टूर्नामेंट से बाहर हो गया। ब्राजील को बढ़त लेने में सिर्फ सात मिनट का समय लगा क्योंकि रफिन्हा ने नेमार को बायपास करने से पहले किम जिनसू को सही बाइलाइन पर एक तेज़ रन के साथ पकड़ा और विनीसियस से गिर गया। रियल मैड्रिड के फॉरवर्ड ने एक टच लिया और उसके बाद शांति से टॉप फार कार्नर में शॉट लगाया। किम मूनह्वान ने रिचर्डसन को बूट से काट दिया और रेफरी क्लेमेंट टरपिन ने वीडियो सहायक रेफरी से परामर्श करने के बाद मौके की ओर इशारा किया। नेमार ने अपनी स्पॉट-किक को निचले दाएं कोने में घुमाने से पहले गोलकीपर किम सेउंगग्यू को चकमा दे दिया। ह्वांग हीचन 16वें मिनट में दक्षिण कोरिया के लिए 25 गज की ड्राइव के साथ स्कोर करने के करीब पहुंच गए जिसे एलिसन ने अपने दाहिने हाथ से दूर कर दिया।



लेकिन ब्राजील के डिफेंस के लिए यह असहजता का दुर्लभ क्षण था। दक्षिण अमेरिकी दिग्गज अपने तेजतर्रार सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन पर थे और उनके तीसरे गोल को संभवतः टूर्नामेंट के सर्वश्रेष्ठ में से एक के रूप में याद किया जाएगा। मार्क्विनहोस और थियागो सिल्वा के बीच एक चालाक आदान-प्रदान से पहले रिचर्डसन ने अपने सिर पर गेंद को संतुलित करके उत्कृष्ट नियंत्रण दिखाया। इसके बाद रिचर्लिसन गोल दाग दिया। ब्राजील पूरे मैच के दौरान खेल पर छाया और कई बार ऐसा लगता था कि वे विरोधियों के साथ खिलवाड़ कर रहे है। टिटे के पुरुष तब और आगे बढ़ गए जब नेमार ने विनीसियस की बाएं ओर खाली जगह देखी और 22 वर्षीय पाक्वेटा के लिए पार किया, जिसने पहली बार निचले कोने में प्रयास किया। ब्राजील के पास पहले हाफ के अंत में अपनी बढ़त बढ़ाने के कई मौके थे, लेकिन खराब फिनिशिंग और शायद आत्मसंतुष्टि के कारण उसे निराश होना पड़ा। सोन ह्युंगमिन, जो पहले हाफ में बमुश्किल दिखाई दे रहा था, दूसरे हाफ की शुरुआत में एक गोल वापस खींचने के करीब पहुंच गया।

# तमिल फिल्म के.डी का बनेगा हिंदी रीमेक

अभिषेक बच्चन आने वाले दिनों में एक से बढ़कर एक फिल्मों में नजर आएंगे और अब एक और शानदार फिल्म उनके खाते से जुड़ गई है। खबर है कि वह लोकप्रिय तमिल फिल्म के.डी के हिंदी रीमेक में अपनी मौजूदगी दर्ज कराएंगे। खास बात यह है कि निखिल आडवाणी इस फिल्म को बना रहे हैं। अभिषेक इस फिल्म को लेकर बेहद उत्साहित हैं। रिपोर्ट के मुताबिक, अभिषेक ने फिल्म साइन कर ली है और इसमें उनका एक जुदा अवतार देखने को मिलेगा। निखिल आडवाणी फिल्म के निर्माता हैं। यह तमिल फिल्म के.डी का हिंदी रीमेक है, जिसे समीक्षकों ने खूब सराहा था। फिल्म का निर्देशन मधुमिता सुंदररमन ने किया था और हिंदी रीमेक के निर्देशन की कमान भी मधुमिता ही संभालेंगी। उन्होंने फिल्म के प्री-प्रोडक्शन का काम शुरू कर दिया है। फिल्म की शूटिंग अगले महीने भोपाल में होगी।

रिपोर्ट के मुताबिक, फिल्म की कहानी एक बुजुर्ग व्यक्ति और बच्चे के बीच एक खूबसूरत रिश्ते को दर्शाती है। जब अभिषेक से इस फिल्म के लिए संपर्क किया गया तो वह इसकी कहानी से बेहद



प्रभावित हुए। उन्होंने इसका हिस्सा बनने के लिए फौरन रजामंदी दे दी। मधुमिता ने हिंदी भाषी दर्शकों को ध्यान में रखते हुए इसकी कहानी में कुछ बदलाव किए हैं। शूटिंग दो महीने में पूरी करने की योजना है। फिल्म अगले साल मध्य तक रिलीज होगी। अजय देवगन की फिल्म भोला 2019 में आई ब्लॉकबस्टर फिल्म कैथी का हिंदी रीमेक है। अक्षय कुमार की फिल्म सोराराई पोटरू और फिल्म अन्नियन इसी नाम से बनी तमिल फिल्म का हिंदी रीमेक है। सेल्फी सुपरहिट मलयालम फिल्म ड्राइविंग लाइसेंस का हिंदी रीमेक है। अभिषेक फिल्म हाउसफुल 5 में नजर आएंगे। साजिद नाडियाडवाला की इस फिल्म में उनके साथ बॉबी देओल, अक्षय कुमार, रितेश देशमुख और जॉन अब्राहम भी हैं। वह ओम राउत की अगली एक्शन ड्रामा फिल्म का हिस्सा भी हैं। संजय लीला भंसाली की फिल्म गुस्ताखियां में अभिषेक लेखक साहिर लुधियानवी का किरदार निभा सकते हैं। तमिल फिल्म ओह माई कदवुले के हिंदी रीमेक में अभिषेक अहम भूमिका में हैं। अनुराग कश्यप की फिल्म गुलाब जामुन भी उनके खाते से जुड़ी है।

# जॉर्जिया एंड्रियानी को देखकर आपको भी होने लगेगी जलन



बॉलीवुड अभिनेता और डायरेक्टर अरबाज खान की गर्लफ्रेंड और एक्ट्रेस जॉर्जिया एंड्रियानी अक्सर अपने बोल्ड लुक को लेकर चर्चाओं में रहती हैं। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, एक्ट्रेस जॉर्जिया न सिर्फ अरबाज बल्कि उनकी फैमिली के भी काफी करीब हैं बल्कि कई बार साथ में स्पॉट किया गया है। वहीं, एक्ट्रेस की वन पीस में लुक सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। इटलियन एक्ट्रेस जॉर्जिया एंड्रियानी की लेटेस्ट तस्वीरें सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रही हैं। वहीं, उनकी कातिलाना अदाओं ने फैंस के दिलों की धड़कनें बढ़ा रखी हैं। मशहूर इटलियन एक्ट्रेस और मॉडल जॉर्जिया एंड्रियानी की लेटेस्ट तस्वीरें हाल ही में सामने आई हैं, जिन्हें देखकर आपके भी होश उड़ जाएंगे. एक्ट्रेस एंड्रियानी वन पीस ड्रेस में काफी ग्लैमरस नजर आ रही हैं। जॉर्जिया एंड्रियानी सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहती हैं। वहीं, फैंस उनकी बोल्ड और खूबसूरत तस्वीर के लिए बेताब रहते हैं। एक्ट्रेस जॉर्जिया आए दिन अरबाज खान से रिलेशनशिप को लेकर चर्चाओं में बनी रहती हैं। सोशल मीडिया पर उनकी तगड़ी फैन फॉलोइंग हैं। इंस्टाग्राम पर एक मिलियन फॉलोवर्स हैं। जॉर्जिया एंड्रियानी की इन तस्वीरों ने इंटरनेट का पारा बढ़ाया दिया है। साथ ही उनके कमाल के लुक ने फैंस पर अपनी खास छाप छोड़ी है। सोशल मीडिया पर जॉर्जिया एंड्रियानी की इन तस्वीरों को काफी पसंद किया जा रहा है। फैंस उनकी तस्वीरों पर लगातार अपनी प्रतिक्रियाएं दे रहे हैं।















# आयुष्मान को एन एक्शन हीरो से कई सारी उम्मीदें

बॉलीवुड स्टार आयुष्मान खुराना की हालिया फिल्म एन एक्शन हीरो भले ही बॉक्स-ऑफिस पर अच्छी शुरूआत न कर पाई हो, लेकिन वर्ड ऑफ माउथ से फिल्म को थोड़ी राहत मिलती दिख रही है। फिल्म में जयदीप अहलावत भी हैं।आयुष्मान ने अपने इंस्टाग्राम पर एक लंबा नोट साझा किया, जिसमें बताया गया कि कैसे पहली बार कहानी सुनाने वालों ने फिल्म को एक साथ रखा है और यह दर्शकों के प्यार के लायक है।नोट पर आयुष्मान और




फिल्म के निर्माता आनंद एल राय ने हस्ताक्षर किए हैं। निर्देशक अनिरुद्ध, लेखक नीरज यादव, संगीतकार पराग की पहली नाट्य फिल्म और सिनेमैटोग्राफर कौशल शाह जैसी पहली बार प्रतिभाओं को फिल्म में शामिल करने के साथ हिंदी में इसकी शुरूआत होती है।इसके बाद नोट यह दिखाने में आगे बढ़ता है कि कैसे आयुष्मान और आनंद की जोड़ी ने हमेशा अपने सिनेमाई प्रयासों से अव्यवस्था को तोड़ने की कोशिश की है।

## संक्षिप्त खबरें



## बीजेपी बोली अंदरूनी कलह,भ्रष्टाचार के कारण बदले गए

**रायपुर,06 दिसम्बर 2022(ए)।** प्रदेश कांग्रेस छत्तीसगढ़ में प्रभारी पीएल पुनिया के स्थान पर कुमारी सेलजा को नियुक्त किया गया है। इस अचानक हुए बदलाव पर भाजपा के नेताओं ने तंज भी कैसा है और गंभीर आरोप भी लगाया है।
पूर्व विधानसभा अध्यक्ष धरमलाल कौशिक ने कहा है कि प्रभारी बदलने से कुछ नहीं होगा क्योंकि जनता ने कांग्रेस की सरकार बदलने का मन बना लिया है पूर्व विधानसभा अध्यक्ष धरमलाल कौशिक की बाइट .. कांग्रेस के नए प्रभारी की नियुक्ति व कांग्रेस के राष्ट्रीय अधिवेशन पर बीजेपी के पूर्व मंत्री प्रदेश प्रवक्ता राजेश मूणत ने भी अपने ही अंदाज़ में कांग्रेस पर बेबाक टिपण्णी की है। श्री मूणत ने मिडिया को बयान में कहा है।

# सौम्या,बिश्नोई सूर्यकांत समेत अन्य 2 कोर्ट में पेश

**रायपुर,06 दिसम्बर 2022(ए)।** मनी लॉन्ड्रिंग मामले में ईडी के अफसर आज अदालत में उप सचिव सौम्या चौरसिया की रिमांड अवधि बढ़ाने की मांग किये। सौम्या की गिरफ्तार के दिन ही ईडी ने अदालत से 14 दिन की रिमांड मांगी थी, लेकिन अदालत ने 4 दिन की रिमांड मंजूर कर मनी लांड्रिंग केस के सभी आरोपियों के साथ सौम्या चौरसिया को भी 6 दिसम्बर को पेश करने का आदेश दिया था। स्पेशल कोर्ट में आज आईएएस समीर बिश्नोई, सूर्यकांत और लक्ष्मीकांत तिवारी, सुनील अग्रवाल को भी पेश किया गया। ईडी रिमांड सौम्या का और आईएएस बिश्नोई समेत चारों की जेल अभिरक्षा समाप्त हो गई है। ईडी इन सभी की रिमांड मांगेगी।

### 11 अक्टूबर को की गई थी छापामार कार्रवाई

विदित हो कि ईडी ने 11 अक्टूबर को प्रदेश के कई अफसरों और कारोबारियों के ठिकानों पर छापा मारा था। प्रारंभिक जांच और पूछताछ के बाद 13 अक्टूबर को इस मामले में छत्तीसगढ़ इंफोटेक प्रमोशन सोसाइटी-चिप्स के तत्कालीन सीईओ समीर विश्नोई, कोयला कारोबारी सुनील अग्रवाल और वकील और कारोबारी लक्ष्मीकांत तिवारी को गिरफ्तार किया था। उनको 14 दिन की ईडी रिमांड में पूछताछ के बाद न्यायिक हिरासत में जेल भेजा गया है। 29 अक्टूबर को इस मामले में एक अन्य आरोपी सूर्यकांत तिवारी ने अदालत में समर्पण कर दिया। 10 दिन की पूछताछ के बाद सूर्यकांत को भी न्यायिक हिरासत में भेज दिया था। तब से चारों आरोपी जेल में बंद हैं।



### सौम्या पर काला धन खपाने का आरोप

इस बीच ईडी की दूसरे अफसरों और कारोबारियों से पूछताछ जारी रही है। लगातार कई दिनों की पूछताछ के बाद ईडी ने 2 दिसम्बर को सौम्या चौरसिया को गिरफतार किया। उन पर बेनामी संपत्ति की खरीदी-बिक्री से काला धन खपाने का आरोप लगाया है। उनको 6 दिसम्बर तक ईडी की हिरासत में भेजा गया था। सौम्या की गिरफतारी के बाद श्रष्ठ ने जेल में बंद आरोपियों से भी पूछताछ की है। अफसरों का कहना है कि पूछताछ में कुछ नये तथ्य सामने आए हैं। उनकी पुष्टि के लिए सभी आरोपियों के बयानों को क्रॉस चेक किया जा रहा है। जल्दी ही इस मामले में कुछ नई गिरफतारियां भी हो सकती हैं।

### 10 दिसम्बर तक आरोपपत्र पेश करने की तैयारी

ईडी के अफसर इस मामले में अब तक हुई जांच और पूछताछ के आधार पर आरोपपत्र बनाने की जल्दी में है। उनकी कोशिश है कि 10 दिसम्बर तक यह आरोप पत्र अदालत में पेश हो जाए। अगर ऐसा नहीं हुआ तो 60 दिन के भीतर आरोप पत्र देने की सीमा खत्म हो जाएगी। ऐसे में 13 अक्टूबर को गिरफ्तार तीन आरोपियों की जमानत का रास्ता खुल जाएगा।

### स्पेशल कोर्ट ने समीर,सूर्यकांत, सुनील और लक्ष्मीकांत को 3 दिन की न्यायिक रिमांड में भेजा

मनी लांड्रिंग और कोल परिवहन में अवैध लेवी के आरोपों में बंद आईएएस समीर विश्नोई, सूर्यकांत तिवारी सहित चारों आरोपियों को स्पेशल कोर्ट ने तीन दिन की न्यायिक रिमांड पर भेज दिया है।
अब 10 दिसंबर को इनकी पेशी होगी। इसी दिन ईडी (प्रवर्तन निदेशालय) चालान पेश करेगी। वहीं, सीएम सचिवालय की डिप्टी सेक्रेटरी की रिमांड के लिए अभी स्पेशल कोर्ट में सुनवाई चल रही है।

# भेंट-मुलाकात कार्यक्रम :सीएम भूपेश ने 69 करोड़ के 200 विकास कार्य की सौगात

## देवभोग में इन्क्यूबेशन सेंटर एवं इंडस्ट्रियल पार्क का लोकार्पण

**गरियाबंद 06 दिसम्बर 2022(ए)।** छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल मंगलवार को गरियाबंद जिले के दौरे पर पहुंचे, जहां वे भेंट-मुलाकात कार्यक्रम के लिए राजिम पहुंचे। राजिमवासियों को मुख्यमंत्री ने 68 करोड़ 59 लाख 93 हजार रुपए के 203 विकास कार्यों की सौगात दी है। इसके बाद देवभोग में उन्होंने इन्क्यूबेशन सेंटर एवं रूरल इंडस्ट्रियल पार्क का लोकार्पण कर विभिन्न योजनाओं के हितग्राहियों को प्रमाण पत्र भी बांटे।

### कुलेश्वर महादेव मंदिर में की पूजा-अर्चना

राजिम पहुंचने के बाद सबसे पहले मुख्यमंत्री भूपेश बघेल कुलेश्वर महादेव मंदिर पहुंचे, जहां विशेष पूजा-अर्चना कर प्रदेश में सुख-शांति और खुशहाली की कामना की। मुख्यमंत्री इसके बाद कार्यक्रम स्थल पहुंचे, जहां छत्तीसगढ़ महतारी की तस्वीर पर माल्यार्पण कर पुष्प अर्पित किए। उन्होंने राजिम विधानसभा क्षेत्र के लिए 203 विकासकार्यों का लोकार्पण और भूमिपूजन किया। इसमें 57 करोड़ 81 लाख 71 हजार रुपए लागत के 167 कार्यों का भूमिपूजन और 10 करोड़ 78 लाख रुपए लागत के 36 लोकार्पण कार्य शामिल हैं।
भूमिपूजन के कार्यों में विद्युत विभाग अंतर्गत 151 लाख 16 हजार रुपए लागत का 1 कार्य, 13 करोड़ 41 लाख 36 हजार रुपए लागत के 7 कार्य, जल संसाधन विभाग के 7 करोड़ 65 लाख 91 हजार रुपए लागत के 3 कार्य, प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के 6 करोड़ 71 लाख 23 हजार रुपए लागत के 8 कार्य, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के 16 करोड़ 59 लाख 61 हजार रुपए लागत के 17 कार्य, नगर पालिका गरियाबंद अंतर्गत 3 करोड़ 82 लाख 60 हजार रुपए लागत के 33 कार्य शामिल हैं।




### जिले की सभी तहसीलों में होगा विकास

इसके साथ ही नगर पंचायत राजिम के 2 करोड़ 89 लाख 56 हजार रुपए लागत के 48 कार्य, नगर पंचायत फिंगेश्वर के 2 करोड़ 88 लाख 29 हजार रुपए लागत के 29 कार्य, जनपद पंचायत गरियाबंद अंतर्गत 20 लाख 14 हजार रुपए के 2 कार्य, जनपद पंचायत छुरा अंतर्गत 84 लाख 49 हजार रुपए लागत के 7 कार्य और जनपद पंचायत फिंगेश्वर अंतर्गत 1 करोड़ 27 लाख रुपए लागत के 12 कार्य शामिल हैं। लोकार्पित होने वाले कामों में लोक निर्माण विभाग के 5 करोड़ 58 लाख रुपए लागत के 5 कार्य, वन विभाग अंतर्गत 1 करोड़ 51 लाख रुपए लागत के 4 कार्य, स्वास्थ्य विभाग के 74 लाख रुपए लागत के 2 कार्य, आदिवासी विकास विभाग के 1 करोड़ 62 लाख रुपए लागत के 1 कार्य, जनपद पंचायत गरियाबंद अंतर्गत 16 लाख रुपए के 3 कार्य, जनपद पंचायत छुरा अंतर्गत 64 लाख रुपए लागत के 11 कार्य एवं जनपद पंचायत फिंगेश्वर अंतर्गत 50 लाख रुपए लागत के 10 कार्य शामिल हैं।




## अटक गया विधेयक पर हस्ताक्षर मामला

### राजभवन में फंसा छत्तीसगढ़ का आरक्षणःराज्यपाल अनुसूईया उइके ने नहीं किये नये विधेयकों पर हस्ताक्षर,अब कानूनी चुनौतियों पर अफसरों से बात करेंगी

**रायपुर,06 दिसम्बर 2022(ए)।** आरक्षण विधेयक को लेकर रविंद्र चौबे ने जताई चिंता। 3 दिनों तक कानूनी सलाह के लिए रुका रहना चिंतनीय। उन्होंने कहा राजभवन कार्यालय में रुका हुआ है बिल, उम्मीद है राज्यपाल आज विधेयक पर कर देंगी हस्ताक्षर। राज्यपाल ने एक दिन में अनुमति देने की कही थी बात। मंत्री रविंद्र चौबे ने कहा प्रदेश के लाखों युवा आरक्षण के इंतजार में हैं।
छत्तीसगढ़ विधानसभा से पारित आरक्षण संबंधी दोनों नये विधेयक राजभवन में फंस गये हैं। राज्यपाल अनुसूईया उइके ने इनपर हस्ताक्षर ही नहीं किये। इसकी वजह से अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, अन्य पिछड़ा वर्गों और गरीबों के लिए बनाए आरक्षण के नये प्रावधान अभी लागू नहीं हो पाएंगे। बताया जा रहा है कि राज्यपाल इन विधेयकों की कानूनी चुनौतियों को लेकर अफसरों से बात करना चाहती हैं।
बता दें कि पूर्व मंत्री केदार कश्यप ने इस सम्बन्ध में आबकारी मंत्री कवासी लखमा से अब इस्तीफा देने को कहा है। क्योंकि नए आरक्षण विधेयक को लागू करवाने नहीं तो पद छोड़ देने का बयान कवासी लखमा ने दिया था। मंत्री मंडल ने विधान सभा के विशेष सत्र में इसे पारित करवाकर हाथों हाथ राजभवन जाकर राज्यपाल सुश्री अनुसुइया उइके को पारित विधेयक सौंपा था। उम्मीद की जा रही थी कि सोमवार तक राजभवन की मंजूरी मिल जाएगी। लेकिन सोमवार बीत गया और आज मंगलवार भी बीतने को है पर हस्ताक्षर तो दूर मंज़ूरी की खबर भी नहीं है।

## समाज बोला,जो धर्म में लौटेंगे नहीं,उनका आरक्षण कराएंगे खत्म

**कोंडागांव 06 दिसम्बर 2022(ए)।** जिले के संवेदनशील क्षेत्रों में सर्व आदिवासी समाज अब एकजुट हो कर अब धर्मांतरण के खिलाफ विरोध कर रहा है
छत्तीसगढ़ के कोंडागांव जिले के संवेदनशील क्षेत्रों में सर्व आदिवासी समाज अब एकजुट हो कर अब धर्मांतरण के खिलाफ विरोध कर रहा है। इसके लिए फरसगांव ब्लॉक के ग्राम पंचायत भोंगापाल में दर्जनों गांव के ग्रामीणों ने हजारों संख्या में उपस्थित होकर बैठक किया। इसमें मुख्य रुप से धर्मांतरण को लेकर आदिवासी समाज के गांयता, पटेल पुजारी और सरपंच समेत ग्रामीणजन ने गांव के देवी-देवताओं और समाज की संस्कृति को बनाए रखने के लिए, धर्म परिवर्तन पर रोक लगाने की बात कही।
वहीं, धर्म परिवर्तन किए हुए लोगों को वापस आने हेतु कहा, लेकिन जो लोग अपने घर में वापस नहीं आना चाहते उनका आरक्षण समाप्त करने के लिए कलेक्टर को पत्र लिखा गया। इस मामले में चिंगनार परगना के अध्यक्ष सुकलू राम कोमरा ने कहा कि, ये लगातार अंदरूनी लालच देकर भोले-भाले आदिवासियों को तेजी से धर्मांतरण करवा रहे हैं। इसके करण हमारे देवी-देवताओं का अपमान हो रहा है। इसे बचाए रखने के लिए अब हम सब एकजुट होकर धर्मांतरण के खिलाफ खड़े हुए हैं। हम पहले धर्मांतरण किए हुए लोगों से अपने धर्म में वापस आने को लेकर पहल कर रहे हैं। यदि वे समाज में वापस नहीं आते हैं, तो उन सभी का पूर्ण रूप से आरक्षण समाप्त करने के लिए कोंडागांव कलेक्टर को ज्ञापन दिया गया है।

### बैठक में जिला कलेक्टर को किया आमंत्रित

इसके बाद समाज के पदाधिकारियों ने इस विशाल बैठक में शामिल होने के लिए जिला कलेक्टर को आमंत्रित किया था। इसके निर्देश पर फरसगांव एसडीएम तहसीलदार भी पहुंचे थे, लेकिन ग्राम पंचायत भवन में ही कुछ समाज के पदाधिकारियों से मिलकर ही वापस लौट गए। वहीं, आदिवसी समाज के लोग समाज को मजबूत करने के लिए धर्मांतरण के विरोध में एकजुट होकर पुरजोर विरोध करने में लगे हुए हैं।

# चुनाव खत्म,मगर बवाल जारी,बीजेपी का आरोप

## बीजेपी नेताओं ने कांग्रेस पर लगाया गंभीर आरोप, रामविचार नेताम बोले-कांग्रेस को श्राप लगेगा, बिना वर्दी के कर्मचारियों ने बांटी शराब और रुपए

**रायपुर 06 दिसम्बर 2022(ए)।** मंगलवार को भाजपा के वरिष्ठ नेताओं ने भानुप्रतापपुर उपचुनाव के संबंध में प्रेस कॉन्फ्रेंस ली। बीजेपी के चुनाव सञ्चालन समिति ने दवा किया कि भानुप्रतापपुर का भरोसा भाजपा के साथ है, भाजपा ही जीतेगी और संदेश जाएगा कि कांग्रेस के जाने का समय आ गया है। पूर्व राज्यसभा सांसद राम विचार नेताम ने कुछ हैरान करने वाले दावे किए।
रामविचार नेताम ने कहा- चुनाव के दौरान कांग्रेस की ओछी मानसिकता का उदाहरण दिखा। मैं समझता हूं कि कांग्रेस को आदिवासी समाज माफी नहीं करेगा। इस समाज को गुमराह करने, इस समाज को भ्रमित करने, इसे अपमानित करने के लिए शर्मनाक हथकंडा अपनाया।
गरीब आदिवासी परिवार का बेटा चुनाव में प्रत्याशी के रूप में मैदान में आता है तो कांग्रेस उसका चरित्र हनन करने लगी। झारखंड पुलिस को लाकर दबाव बनाने का प्रयास किया गया। प्रेस वार्ता में अनुसुचित मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष विकास मरकाम और भानुप्रतापपुर उपचुनाव के प्रभारी बृजमोहन अग्रवाल मौजूद रहे।
रामविचार ने दावा किया कि भानुप्रतापपुर चुनाव के दौरान फॉरेस्ट और पुलिस के कर्मचारियों ने बिना वर्दी के रुपए और शराब इलाकों में बांटा है। कर्मचारी रात के अंधेरे में लोगों के घरों में गए। इसकी शिकायत के बाद कोई कार्रवाई नहीं की गई।
बृजमोहन अग्रवाल ने कहा- वहां हजारों पेटी शराब जब्त की गई, वो कहां से आई, क्योंकि यहां तो सरकारी दुकानें से ही शराब की सप्लाई होती है। हाईकोर्ट ने ब्रम्हानंद को लेकर निर्देश में कहा है कि 165 के बयान में ब्रम्हानंद का नाम नहीं है, एफआईआर में नाम नहीं है। जो विधायक रह चुका है पूरी दुनिया जानती है। उसके बारे में कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष गलत बातें कहते हैं।






## घर बैठे पार्सल भेजने के लिये रेलवे और डाक विभाग के बीच संयुक्त पार्सल बुकिंग की बैठक

**रायपुर 06 दिसम्बर 2022(ए)।** दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे रायपुर रेल मंडल में आज महानदी रेलवे सभागार डब्ल्यू आर एस कॉलोनी में डाक और रेलवे के बीच संयुक्त पार्सल बुकिंग की कार्य योजनाओं को लेकर बैठक का आयोजन किया गया । इसमें रेलवे बोर्ड के एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर (स्ट्रेटेजिक प्लानिंग एंड इम्प्लेमेंटेशन) श्री जी. वी. एल. सत्य कुमार, रायपुर रेल मंडल के मंडल रेल प्रबंधक श्री संजीव कुमार, वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक डॉ विपिन वैष्णव सहित रायपुर मंडल के वरिष्ठ अधिकारी एवं छत्तीसगढ़ सर्कल के चीफ पोस्टमास्टर जनरल विधान चंद्र रॉय, डायेरेक्टर पोस्टल सर्विसेस छत्तीसगढ़ श्री दिनेश मिस्त्री एवं औद्योगिक संगठनों के प्रतिनिधि और व्यवसायी शामिल हुए। इस बैठक का उद्देश्य रेल और पोस्टल विभाग के संयुक्त पार्सल उत्पाद सेवा% की अवधारणा मॉडल को उजागर करना है।
शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्र के लोग अपने घरो से डाक और रेलवे विभाग के सयुंक्त प्रयासों से अपने पार्सल पंहुचा सकेगें। उन्हें अपने पार्सल भेजने के लिये रेलवे स्टेशनों पर आने की आवश्यकता नहीं होगी। इसके लिये रेलवे द्वारा एक नंबर जारी किया जायेगा, जिसकी सहायता से आप घर बैठे कॉल करके अपना पार्सल बुक करा सकते है। डाक विभाग के कर्मचारी आपके घर से आपका पार्सल लेकर रेलवे पार्सल गोदाम तक पहुचायेगा। रेलवे पार्सल का परिवहन कर गन्तव्य रेलवे स्टेशन पहुचायेगा, रेलवे स्टेशन से डाक विभाग के कर्मचारी उस पार्सल को निर्धारित पते पर ले जाएंगे और सम्बंधित व्यक्ति को पार्सल सुपुर्द करेगें। औद्योगिक संगठनों के प्रतिनिधि और व्यवसायी एवं उधमियों से उनके द्वारा वर्तमान में अन्य साधनों द्वारा सामान भेजने के लिये लगने वाले भाड़े, उस सामान के गंतव्य तक पहुचने पर आने वाले खर्च का आंकलन कर संयुक्त पार्सल उत्पाद सेवा की दरें निर्धारित की जायेगी।

प्रकाशक,मुद्रक,स्वामी अविनाश कुमार सिंह के द्वारा सांई ऑफ्सेट प्रिंटर्स,नमनाकला,संत हरकेवल विद्यापीठ के पास,अम्बिकापुर से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक-अविनाश कुमार सिंह* (पी.आर.बी.कानून के अनुसार संपूर्ण संपादकीय दायित्व के लिए जिम्मेदार)
RNI Reg.No. CHHHIN/2004/15050,मो. 94062-23001,98265-32611,Email:ghatatighatana11@ gmail.com,Website:www.ghatatighatana.com, (सभी विवादों का न्याय क्षेत्र अम्बिकापुर न्यायालय मान्य होगा)